

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 27 अगस्त 2023 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-149 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 28 अगस्त 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### सोनिया गांधी ने श्रीनगर की नागिन झील में किया नौकाविहार

**श्रीनगर,27 अगस्त।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी तीन द्विसीय दौर पर शनिवार को जम्मू-कश्मीर पहुंची. जम्मू-कश्मीर पहुंचने के बाद सोनिया गांधी श्रीनगर पहुंचकर नागीन झील में नाव की सवारी की. झील में नाव की सवारी करते सोनिया गांधी का वीडियो भी सामने आया है. वीडियो में देखा जा सकता है कि नाव में कुछ लोगों के साथ सोनिया गांधी बैठी है. बताना चाहेंगे कि राहुल गांधी भी जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं सोनिया गांधी उनसे मिलने वाली भी हैं. जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकार रसूल वानी के अनुसार, दोनों अपने प्रवास के दौरान किसी भी पार्टी नेता के साथ किसी भी राजनीतिक बैठक में शामिल नहीं होंगे. यह उनका एकदम निजी दौरा है.

### सुनवाई के दौरान जज के सामने महिला करने लगी नागिन डांस

**सहारनपुर,27 अगस्त।** सिविल कोर्ट की एक घटना ने लोगों को चौंका दिया. कोर्ट रूम में जज की सुनवाई के दौरान, एक महिला ने अचानक फर्श पर नागिन डांस करने लगी. नागिन डांस के दौरान महिला की आवाज ने कोर्ट में अलग माहौल पैदा किया. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला कैसे नागिन की भाषा में अपने आवाज को उचालती हुई नाचती हुई दिख रही है. इस असामान्य घटना के बाद वह कुछ समय तक नागिन डांस करती रही. लगभग 15 से 20 मिनट तक चलने वाले इस नागिन डांस के बाद महिला अचानक शांत हो गई.


### राजनांदगांव से रमन सिंह इकलौते दावेदार

**राजनादगांव,27 अगस्त।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव दौरे पर है. उन्होंने राजनांदगांव विधानसभा सीट से अपनी उम्मीदवारी को लेकर कहा कि कार्यर्ताओं ने उनका सिंगल नाम भेजा है. छत्तीसगढ़ में 15 साल शासन कर चुकी भाजपा का भी सर्वेक्षण हो चुका और प्रत्याशियों के नाम भाजपा की चुनाव समिति के पास चले गए हैं. वहीं रमन सिंह ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना भी साधा है.पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा ने अपनी 21 विधानसभा सीट की घोषणा कर दी है. आगे भी बीजेपी जल्द ही सीटों की घोषणा करने वाली है. राजनांदगांव के सर्वे और कार्यकर्ताओं ने रमन सिंह का इकलौता नाम दिया है.

## चांद के रहस्यों की खोज में जुटा प्रज्ञान रोवर

**बेंगलुरु,27 अगस्त।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर का चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 के लैंडिंग बिंदु शिव शक्ति प्वाइंट के आसपास घूमते हुए एक नया वीडियो जारी किया। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर दृश्य जारी करते हुए, भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, चंद्रयान -3 मिशन यहां नया क्या है? प्रज्ञान रोवर दक्षिणी ध्रुव पर चंद्र रहस्यों की खोज में शिव शक्ति प्वाइंट के आसपास घूमता हुआ।÷ अंतरिक्ष एजेंसी ने यह भी कहा कि मिशन के तीन उद्देश्यों में से दो को पूरा कर लिया गया है, जिसमें चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और नरम लैंडिंग का प्रदर्शन और चंद्रमा पर रोवर के घूमने का प्रदर्शन शामिल है। इसमें आगे कहा गया कि इन-सीटू वैज्ञानिक प्रयोग चल रहे हैं, जबकि सभी पेलोड सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।

इसरो के अनुसार, इससे पहले शुक्रवार को, प्रज्ञान रोवर



चंद्रमा की सतह पर लुढ़का और 8 मीटर की दूरी तय की। अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और भारतीय प्रतीक चिन्ह वाले रोवर के पिछले पहियों ने चंद्रमा की सतह पर हल्के निशान छोड़े। इसरो ने कहा कि एक सौर पैनल ने रोवर को बिजली पैदा करने में सक्षम बनाया। वीडियो में यह भी दिखाया गया कि रोवर के रोलडाउन से पहले रैंप और सौर पैनल की तेजी से तैनाती कैसे हुई। इसरो ने वीडियो साझा करते हुए एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर लिखा, सीएच-3 मिशन में कुल 26 तैनाती तंत्र, यू आर राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी)/इसरो, बेंगलुरु में विकसित किए गए थे। इस बीच, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क मिशन कंट्रोल कॉम्प्लेक्स (आईएसटीआरएसी) में इसरो वैज्ञानिकों से मुलाकात की और बधाई दी, जहां सफल चंद्र लैंडिंग में शामिल चंद्रयान -3 नायकों की सराहना की। पीएम मोदी ने घोषणा की कि चंद्रयान 3 के टचडाउन पॉइंट को शिव शक्ति कहा जाएगा, जबकि, जिस स्थान पर चंद्रयान 2 ने अपने पैरों के निशान छोड़े थे उसे तिरंगा कहा जाएगा। उन्होंने चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग के उपलक्ष्य में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की भी घोषणा की।

## मंगल और शुक्र में भी जाने को तैयारः सोमनाथ

**बेंगलुरु,27 अगस्त।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ चंद्रयान-3 की सफलता को लेकर गदगद जरूर हैं लेकिन, उनका कहना है कि इसरो यहां नहीं रुकने वाला। उन्होंने कहा कि हम चंद्रमान के बाद मंगल और शुक्र ग्रह की यात्रा करने की क्षमता रखते हैं। इसरो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए तैयार हैं, बस हमे आत्मविश्वास बढ़ाने की जरूरत है, साथ ही अधिक निवेश की भी जरूरत है।

इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा है कि भारत के पास चंद्रमा के बाद मंगल और शुक्र की यात्रा करने की क्षमता है। इसरो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



द्वारा रखे गए दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, भारत के पास चंद्रमा, मंगल और शुक्र की यात्रा करने की क्षमता है लेकिन हमें अपना आत्मविश्वास बढ़ाने की जरूरत है। हमें अधिक निवेश की जरूरत है और अंतरिक्ष क्षेत्र का विकास होना चाहिए और इसके द्वारा पूरे देश का विकास होना चाहिए, यही हमारा मिशन है।

सोमनाथ ने शनिवार रात तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, पीएम मोदी ने हमें जो विजन दिया था, उसे पूरा करने के लिए तैयार हैं।इससे पहले शनिवार को बेंगलुरु में इसरो मुख्यालय पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों की टीम से मुलाकात की, जो देश के तीसरे चंद्र मिशन - चंद्रयान -3 में शामिल थे। पीएम मोदी ने यह भी घोषणा की कि चंद्रमा पर चंद्रयान -3 की लैंडिंग को चिह्नित करने के लिए 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर के टचडाउन स्थान को अब से शिव शक्ति बिंदु के रूप में जाना जाएगा, जबकि चंद्रयान -2 चंद्र लैंडिंग बिंदु को तिरंगा बिंदु कहा जाएगा।



रायपुर. सावन के अंतिम सोमवार पर 28 अगस्त को ग्राम तुलसी स्थित शिवधाम सहित विभिन्न शिवालयों में विशेष पूजा तथा अभिषेक के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## आधा दिन पोस्ट आफिस बंद कर डाक बांटता है पोस्टमास्टर

**रायपुर,27 अगस्त**

5 ग्रामों को पोस्टल सुविधा देने वाले टेकारी स्थित ब्रांच पोस्ट आफिस पिछले 4 माहों से कार्यालयीन दिवस में आधा दिन ही खुलता है । इसकी वजह यहां पदस्थ पोस्टमैन को बेलदार सिवनी सब पोस्ट आफिस में अटैच कर दिया जाना है जिसके चलते यहां पदस्थ पोस्टमास्टर आधा दिन पोस्ट आफिस बंद कर डाक बांटने का काम करता है । इसकी वजह से ग्रामीण परेशान व आक्रोशित हैं । किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने पदस्थ शाखा पोस्टमास्टर दीपक वर्मा को ग्रामीण आक्रोश से अविलंब अपने वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराने का आग्रह किया है व 7 दिन के भीतर समाधान न निकलने पर सी पी एम जी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपे जाने की जानकारी दी है । रायपुर मुख्य पोस्ट आफिस के अंतर्गत आने वाले खरोरा सब आफिस का ब्रांच है टेकारी शाखा । इस शाखा के अधीन 5 ग्राम टेकारी , कुंडा , खम्हरिया , अमेरी व संकरी आता है । इस शाखा के लिये एक पोस्टमास्टर व एक पोस्टमैन का पद स्वीकृत है । खरोरा सब आफिस के अंतर्गत आने वाले करीबन 22 शाखाओं में से सर्वाधिक राजस्व देने वाली शाखा है टेकारी । इस शाखा पोस्ट आफिस का प्रतिदिन खुलने का समय पूर्वाह्न 9 से 12 व अपराह्न 4 से 5 बजे का है । इस शाखा में




पदस्थ पोस्टमैन को तकरीबन 4 माह पहले बेलदार सिवनी स्थित शाखा पोष्ट आफिस में अटैच कर दिया गया है जिसके चलते डाक बांटने की जिम्मेदारी भी पोष्टमास्टर पर आ गया है । इसकी वजह से अपराह्न में पोष्ट आफिस मे ताला लगा पोस्टमास्टर इन पांचों ग्रामों में डाक बांटने का काम करता है । ग्रामीणों से लगातार मिल रही शिकायत के बाद इसकी पुष्टि पश्चात श्री शर्मा ने यह जानकारी देते हुये बतलाया है कि खेती के इस व्यस्त मौसम में पूर्वाह्न में किसान खेती - किसानी के काम में व्यस्त रहते हैं और अपराह्न में उन्हें पोष्ट आफिस बंद मिलता है जिसकी वजह से उन्हें राशि जमा - निकासी सहित अन्य पोस्टल कार्यों में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है ।

## महादेव एप के नाम पर सरकार को बदनाम करने की साजिशः भूपेश बघेल

### रमन सिंह की संपत्ति कई गुना बढ़ी, ईडी कब करेगी जांच ?

**रायपुर,27 अगस्त**

महादेव पर हो रही ईडी की कार्रवाई को लेकर सीएम भूपेश बघेल ने ईडी और बीजेपी पर साधा निशाना है. उन्होंने कहा, ईडी लोकतंत्र के लिए ख़तरा बन गया है. बीजेपी



ईडी दुरुपयोग कर रही है. बीजेपी ने हार स्वीकार कर लिया है. पूरे छत्तीसगढ़ में ईडी चुनाव लड़ रही है. भाजपा प्रभारी ओम माथुर ने कल कहा आने वाले दो महीने में और क्या-क्या होता है देखिए. ये एक विभाग में जाते हैं कुछ नहीं मिलता तो फिर दूसरे विभाग में जाते हैं. महादेव को लेकर हम लोगों ने कार्रवाई की लुक आउट सर्कुलर जारी किया है. मुख्य लाभार्थी है उस पर कार्रवाई इनका उद्देश्य नहीं है. आगे भूपेश बघेल ने कहा, सीएजी का रिपोर्ट कहती है कोई गड़बड़ी नहीं हुई. नियम में संशोधन हुआ, उसके बाद ईडी को असीमित अधिकार मिल गया है. वो किसी को भी गिरफ़्तार कर सकते हैं. एक बार कोई जेल गया बेल होने की संभावना नहीं है.

मारपीट कर लोगों से पूछताछ हो रही है. इसके बाद उनसे कहा जाता है, जेल जाना है या फिर हस्ताक्षर करें. भय दिखाकर गिरफ़्तारियां हो रही है. महादेव में सरकार को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है. बहुत सारे मोबाइल लैपटॉप ज़ब्त हुए और अनेकों की गिरफ़्तारी हुई. दो लोग बाहर हैं उनको पकड़ने के लिये ताक़त नहीं लगा रहे हैं. बाक़ी राज्यों में भी पैसा लिए लेकिन सिर्फ़ छत्तीसगढ़ में कार्रवाई हो रही है. आगे भूपेश बघेल ने कहा, रायगढ़ में अड़ानी को 20 साल के लिए खदान दे दिया गया है. सीधा सा है बीजेपी को वोट देना मतलब छत्तीसगढ़ अडानी को सौंप देना. नगरनार अभी शुरू हुआ नहीं उसे भी बेचने के लिए बजट में शामिल कर लिया है. ईडी के अधिकारियों को मैंने कई बार पत्र लिखा है चिटफ़ंड का घोटाला हुआ जांच करिए, लेकिन ईडी इस पर कुछ नहीं कर रही है. मनी लांड्रिंग का सबसे बड़ा केस यही है.

आगे भूपेश बघेल ने ये भी कहा कि, रमन सिंह की संपत्ति कई गुना बढ़ी उस पर ईडी कब जांच करेगी. आज ज़िला कांग्रेस कमेटी ज्ञापन देने ईडी कार्यालय जाएगी. कल से ईडी कार्यालय के ख़िलाफ़ धरना दिया जाएगा. जनता के बीच जाएंगे जनता से बड़ा कोई नहीं होता.

### उनके पास हारने वाली सूची, हमारे में दिखेंगे जीतने वाले कैंडिडेट्स:बैज

**रायपुर,27 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा की विधानसभा चुनाव के लिए जारी प्रत्याशियों की सूची पर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि भाजपा के पास हारने वाली सूची है. कैंडिडेट्स उस पर विरोध कर रहे हैं, कई कार्यकर्ता पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं, कई पार्टी का बहिष्कार कर रहे हैं. कांग्रेस की सूची में जीतने वाले कैंडिडेट्स देखने को मिलेंगे. इस दौरान उन्होंने 10 सितंबर के बाद कांग्रेस की सूची आने की उम्मीद जताई है. पीसीसी चीफ दीपक बैज ने पीएम मोदी के 'मन की बात' को लेकर कहा कि मन की बात में मणिपुर की बात होनी चाहिए. घंटों मन की बात कर देश की जनता से मोदी टाइम पास कर रहे हैं. देश के मुद्दे पर बोलने के लिए उनके पास वक्त नहीं है. वे जनता के काम की बात नहीं करते हैं.

### फीफा महिला विश्वकप फुटबाल-2023, स्पेन बनी चैंपियन, इंग्लैण्ड उपविजेता

## अब नहीं रहा एकछत्र राज का जमाना

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

समाज के प्रत्येक क्षेत्र में लिंग समानता को लेकर एक लंबा संघर्ष चला। खेलकूद की दुनिया में महिला-पुरुष टीम, इन दोनों वर्गों में अलग-अलग स्पर्धाओं के लिए 19वीं सदी के उत्तरार्द्ध में आवाज उठने लगी। आधुनिक ग्रीष्मकालीन खेलों जैसे बहुखेल प्रतियोगिता में स्त्री-पुरुष को अलग-अलग खेलों में भाग लेने की अनुमति 1900 से ही मिल गई थी। आधुनिक ओलंपिक खेलों का आयोजन 1896 से नियमित रूप से हो रहा है। इसका प्रमुख कारण है अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक परिषद का मजबूत होना साथ ही सदस्य पदाधिकारियों का ईमानदारी के साथ खेलकूद के प्रति समर्पित होना है। 20वीं सदी में इसके अलावा फुटबाल खेल संघ है जिसकी गतिविधि भी एकता व दृढ़ता से साथ रहने का प्रमाण है। फुटबाल की संस्था को फीफा के नाम से जाना जाता है जिसका अर्थ है फेडरेशन इंटरनेशनल डी फुटबाल एसोसिएशन। यह फ्रांसीसी शब्द है जिसे हिंदी में फुटबाल का अंतर्राश्ट्रीय खेल संघ भी कहते हैं। फीफा द्वारा महिला विश्वकप फुटबाल का आयोजन 1991 से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य खेल को प्रसिद्धि दिलाना और महिला-पुरुष दोनों को समान अवसर दिये जाने को साबित करना है। 2023 में इस प्रतिष्ठापूर्ण प्रतियोगिता का आयोजन आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में किया गया। 2015 में टीमों की संख्या




16 से 24 कर दी गई थी जबकि 2023 में प्रतिभागी देशों की संख्या 24 से बढ़ाकर पहली बार 32 कर दिया गया। इस टूर्नामेंट में अफ्रीका से मोरक्को, जांबिया, नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका को, दक्षिण अमेरिका से अर्जेंटीना, ब्राजील, कोलंबिया को, एशिया से चीन, फिलीपींस, विएतनाम, आस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, जापान को, यूरोप से डेनमार्क, इटली, नार्वे, स्विट्जरलैंड, फ्रांस, नार्वे, जर्मनी, नीदरलैंड, इंग्लैंड, स्पेन, पुर्तगाल, स्वीडन को, उत्तर अमेरिका से जमैका, संयुक्त राज्य अमेरिका, कोस्टारिका, पनामा, हैती, कनाडा को, साथ ही प्रशांत क्षेत्र से न्यूजीलैंड ने मुख्य ड्रा में खेलने के लिए योग्यता हासिल की। फीफा महिला विश्व कप 2023 के अंतर्गत 64 मैच 9 शहरों के 10 खेल मैदान में सम्पन्न हुए। आस्ट्रेलिया में सिडनी, ब्रिसबेन, मेलबर्न, पर्थ, एडिलेड जबकि न्यूजीलैंड के आकलैंड, वेलिंग्टन, ड्यूनेडिन, हेमिल्टन में मुकाबले हुए। 32 टीम को 8 ग्रुप में ए से एच तक प्रत्येक में चार-चार करके बांटा गया था। 32 में से 16 टीम ने अंतिम 16 में, क्वार्टर फायनल में, स्पेन, नीदरलैंड, जापान, स्वीडन, आस्ट्रेलिया, फ्रांस, इंग्लैंड, बोलंबिया ने जगई बनाई है। 2015, 2019 के विश्व कप विजेता संयुक्त राज्य अमेरिका की टीम अप्रत्याशित रूप से स्वीडन से परास्त हो गई। सेमीफायनल में स्पेन ने स्वीडन को 2-1 से जबकि इंग्लैंड ने मेजबान आस्ट्रेलिया को 3-1 से हराया। फायनल में स्पेन ने इंग्लैंड को 1-0 से पराजित करके पहली बार विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। यह चैंपियनशिप बहुत ही सफल रही इसमें 164 गोल दागे गये तथा करीब 20 लाख दर्शकों ने देखा। सबसे अधिक पांच गोल जापान की हीनाना मियाजवा ने किया। स्पर्धा की सर्वश्रेष्ठ स्पेन की ऐनाना बोनमति, सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर स्विट्जरलैंड की सलमा पैरालुएलो को घोषित किया गया। विजेता को 35.67 करोड जबकि उपविजेता को 26.19 करोड रुपये मिले। जबकि फीफा ने इस स्पर्धा से 4737 करोड़ कमाए।

## विमानों के हवा में टकराने से तीन यूक्रेनी पायलटों की मौत

**कीव,27 अगस्त।** यूक्रेन की राजधानी कीव के पास दो एल-39 प्रशिक्षण विमानों के हवा में टकराने से तीन यूक्रेनी पायलटों की मौत हो गई। यूक्रेन की वायु सेना ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह दुर्घटना शुक्रवार को झितोमिर क्षेत्र में हुई, जो राजधानी कीव के पश्चिम में स्थित है। यूक्रेन पश्चिम से मिलने वाले एफ-16 लड़ाकू विमानों को उड़ाने के लिए अपने हवाई कर्मचारियों को जल्द से जल्द प्रशिक्षित करने के लिए एक बड़ी कवायद की तैयारी में है। ऐसे में तीन पायलटों की मौत उसके लिए एक बड़ा झटका है। घटना पर दुख जताते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि विमान हादसे में मारे गए तीन सैन्य पायलटों में यूक्रेनी सेना के अधिकारी एंड्री पिलश्चिकोव शामिल हैं, जिन्होंने पूरी लगन के साथ देश की सेवा की। राष्ट्रपति जेलेंस्की पश्चिमी



देशों से मिलने वाले 61 एफ-16 लड़ाकू विमानों को उड़ाने के लिए यूक्रेनी सैनिकों के प्रशिक्षण पर जोर दे रहे हैं।

यूक्रेन की वायु सेना ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। यह हम सभी के लिए असहनीय और अपूरणीय क्षति है। दुर्घटना की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। वायु सेना के अनुसार, मरने वाले पायलटों में जूस उपनाम का पायलट भी शामिल है, जिसने विदेशी मीडिया को कई साक्षात्कार दिए थे। गौरतलब है कि पिछले डेढ़ साल से यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष जारी है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे पर नियमित रूप से हमले कर रही हैं। शुरुआत में पिछड़ने के बाद यूक्रेन की सेना ने पश्चिमी देशों की सैन्य मदद से अब रूस के मुकाबले खुद को मजबूत कर लिया है।

## एक नजर

### अस्मिता खेलो इंड़िया महिला बास्केटबॉल लीग का आयोजन 27 से 29 अगस्त तक राजनांदगांव एवं भिलाई में

**राजनांदगांव 27 अगस्त।** खेलो इंड़िया द्वारा देश के पचास शहरों में एक साथ अस्मिता खेलो इंडिया महिला बास्केटबॉल लीग का आयोजन किया जा रहा है। उन पचास शहरों में एक साथ इस लीग का आयोजन 27 से 29 अगस्त 2023 तक किया जाना है। इस लीग में 17 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिका खिलाडी भाग लेंगी। खेलों इंडिया द्वारा विभिन्न खेलो में यह लीग 150 शहरों में आयोजित की जा रही है। छतीसगढ में यह लीग बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगांव एवं भिलाई में आयोजित की जावेगी। 3×3 फार्मेट में राजनांदगांव में आयोजित इस लीग में स्थानीय 35 बालिका टीमों के भाग लेने की आशा है। राजनांदगांव में यह लीग दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। खेलों इंडिया द्वारा इस लीग का आयोजन महिलाओं में खेलों के विकास, महिला एथलीटों को सशक्त बनाने और खेलों में समानता को बढ़ावा देने में उनकी सक्रिय भूमिका के लिए कई जा रही है।

### न खाऊंगा ना खाने दूंगा भाषण देने वाले बोल बच्चन अब चुप क्यों हैं-राजेंद्र बंजारे

**रायपुर 27 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव एवं रायपुर विकास प्राधिकरण के डायरेक्टर राजेंद्र बंजारे ने केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा साथ 7 घोटाले किए जाने भारत के



नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षा के नवीनतम रिपोर्ट में प्रकाशित निष्कर्ष का हवाला देते हुए कहा कि मोदी सरकार सैकड़ो करोड़ रुपए के सात घोटाले में शामिल है ना खाऊंगा ना खाने दूंगा जुमले भाषण देने वाले बोल बच्चन अब चुप क्यों है पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने आगे कहा कि कैग की रिपोर्ट कहती है कि भारत माला प्रोजेक्ट की बोली में गड़बड़ी हुई है द्वारका एक्सप्रेसवे में 1 किलोमीटर सड़क बनाने में 250 करोड़ का खर्च किया गया है एनएचएआई की ओर से 132 करोड़ का अतिरिक्त टोल वसूली हुई है आयुष्मान भारत योजना के लिए 7.5 लाख करोड़ का एक ही नंबर से रजिस्ट्रेशन कर मरे हुए व्यक्तियों का बीमा राशि निकाली गई है। अयोध्या विकास परियोजना में घोटाला किया गया हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड त्रुटिपूर्ण इंजन डिजाइन करने में 154 करोड रुपए का घोटाला किया गया। श्री बंजारे ने मोदी सरकार पर उंगली उठाते पूछा क्या आप अपनी नाक के नीचे उजागर हो रही सीएजी के रिपोर्ट पर हुए घोटाले पर अपनी चुप्पी तोड़ेंगे मुझे लगता है कि यह सार्वजनिक लूट है यह सरकारी खजाने की लूट रही है यह भारत की जनता की गाढ़ी कमाई की लूट है।

### एक्सिस बैंक ने क्लियरट्रिप के साथ साझेदारी की

**रायपुर, 27 अगस्त।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने फ्लिपकार्ट कंपनी क्लियरट्रिप के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत एक्सिस बैंक के सभी मौजूदा और नए क्रेडिट कार्ड धारकों को यात्रा संबंधी लाभ प्रदान किए जाएंगे। क्लियरट्रिप के माध्यम से बुकिंग करने वाले कार्डधारक यह फायदे उठा सकेंगे। इनमें से अनेक फायदे ऐसे हैं, जो इंडस्ट्री में पहली बार पेश किए जा रहे हैं। यह सहयोग ग्राहकों को घरेलू उड़ान बुकिंग के लिए विशेष फायदे प्रदान करता है, जिनमें शामिल हैं- 1200 रुपए तक की सीटों की बुकिंग में छूट, 500 रुपए तक निशुल्क भोजन, सुविधा शुल्क से छूट और सीटी फ्लेक्समैक्स के तहत सिर्फ एक रुपए में उड़ान रद्द करने और पुनर्निर्धारित करने का विकल्प। इसके अतिरिक्त, एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्डधारक लाभों का आनंद लेने के लिए पॉइंट एकत्रित/रिडीम करने की प्रतीक्षा किए बिना विशेष रूप से क्यूरेटेड यात्रा ऑफर तक पहुंच सकते हैं। यह रणनीतिक साझेदारी घरेलू उड़ानों के लिए बुकिंग छूट के पारंपरिक तौर-तरीकों से बिल्कुल अलग है।

### विधान सभा चुनाव में निष्ठावान पुराने जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच से उम्मीदवार घोषित करने की मांग उठी

**अंवरी 27 अगस्त।** आगामी विधान सभा चुनाव मे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रत्याशी चयन हेतु दिशा निर्देश जारी किया गया है जिसमे ब्लाक स्तर में आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस कमेटी को आवेदन सौपी जानी है जहां पर कांग्रेस पार्टी के लिए प्रत्याशी का चयन किया जाना है, लेकिन जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को जो स्थानीय चुनाव जैसे पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत तथा पानी पंचयात, मंडी चुनाव सहित विभिन्न निकायों का चुनाव अपने दम पर चुनाव जीतकर आते है और कांग्रेस पार्टी को समर्थन करते है इसके बाउजूद विधान सभा व लोक सभा जैसे चुनाव मे जमीनी कार्यकर्ताओं की उपेक्षाकर पूंजीपतियो को तवज्जो दी जाती है।

# छत्तीसगढ़ में मेडिकल हब बनने की असीम संभावनाएं:मुख्यमंत्री

## सीजीएमपी न्यूरोकॉन-2023 कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**रायपुर, 27 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की भारत के नक्शे में स्थिति ऐसी है कि यहां एक बड़ा मेडिकल हब बनने की असीम संभावनाएं हैं। यहां की भौगोलिक स्थिति और वातावरण स्वास्थ्य के अनुकूल है। वे आज शाम राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित 21 वें सीजीएमपी न्यूरोकॉन 2023 कार्यक्रम के संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने वरिष्ठ न्यूरोसर्जन द्वारा लिखी पुस्तक 'ब्रेन डेथ, ऑर्गन डोनेशन और ट्रांसप्लांटेशन' का विमोचन भी किया।



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम में आगे कहा कि पिछले पौने पांच सालों में हमने छत्तीसगढ़ में बड़ा मेडिकल-नेटवर्क स्थापित करने में कामयाबी हासिल की है। यहां शासकीय और निजी क्षेत्र के मेडिकल संस्थानों ने अद्भुत तालमेल और प्रतिभा से इस उपलब्धि को हासिल किया है। प्रदेश में न्यूरो चिकित्सा के क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाएं सुलभ हुई है और विशेषज्ञ चिकित्सकों का लाभ छत्तीसगढ़ के मरीजों को लगातार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 5 साल पहले यह स्थिति थी कि मलेरिया से लोगों की जानें जाती थी, मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने में हम सफल हुए हैं। आज हाट-बाजार क्लिनिक योजना से स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है और दूर-दराज के इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा बढ़ा है। मुझे यह कहते हुए गर्व होता है कि आज हमारे यहां चिकित्सा के क्षेत्र में एक मजबूत अधोसंरचना भी तैयार हो चुकी है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब नक्सलियों पर बात नहीं होती बल्कि कृषि, संस्कृति, सामाजिक उत्थान और नए छत्तीसगढ़ को लेकर बातें हाती है जिससे प्रदेश की नई पहचान बनी है। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष श्री गौतम चौड़रिया और वरिष्ठ चिकित्सक श्री एस एन मढ़रिया और श्री संदीप दवे ने भी संबोधित किया।

# ब्रेन और स्पाईन सर्जरी पर डॉक्टरों ने किया गहन विचार-विमर्श

**रायपुर 27 अगस्त।** सोसायटी ऑफ न्यूरोसाइंटिस्ट, इंडिया (एसओएन) और छत्तीसगढ़ एसोसिएशन ऑफ न्यूरोसाइंटिस्ट (सीएएन) के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार सीजीएमपी न्यूरोकॉन 2023 की शुरुआत शनिवार को हुआ। इस दौरान देशभर से आए डॉक्टरों ने मस्तिष्क (ब्रेन) और स्पाईन सर्जरी पर गहन विचार-विमर्श किया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस में न्यूरो क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय प्रगति के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करने के साथ ही नई मेडिकल संभावनाओं के विषय पर बातचीत की गई। मामूली से लेकर गंभीर दिखने वाले मस्तिष्क और स्पाईन की जटिलताओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की गई।

आयोजन समिति के अध्यक्ष ब्रेन एन्ड स्पाईन के वरिष्ठ सर्जन डॉ. एसएन मढ़रिया ने बताया कि इस तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दौरान नई खोज और प्रगति के बारे में चर्चा की जा रही है ताकि अद्वितीय व रूपांतरणात्मक खोजों के बारे में जानकारी हासिल की जा सकें। विशेषज्ञों ने आपस मे साक्षात्कार कर नवीनतम सर्जिकल दृष्टिकोणों पर अपने विचार और अनुभव को साझा कर



रहे हैं। इसके साथ ही सफल परिणामों को प्रमोट करने वाले मामलों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है और प्रयासों पर चर्चा की जा रही है जिसमें मस्तिष्क (ब्रेन) और स्पाईन सर्जरियो के भविष्य को आकार देने में मदद मिल सकें।

3 दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार सीजीएमपी न्यूरोकॉन 2023 में स्पाइन, ब्रेन, स्लीपिंग डिसऑर्डर, पोश्चर डिफेक्ट, रीढ़ की हड्डी के जटिल ऑपरेशन की आधुनिक तकनीक, इससे संबंधित नए प्रयोग और अविष्कारों आदि विषयों पर स्टडी और पेपर प्रेजेंटेशन के माध्यम से डॉक्टरों ने अपने अनुभव साझा किए। इस कांफ्रेंस में देशभर से 200 न्यूरोसर्जन और न्यूरोलॉजिस्ट शामिल हो रहे है।

# थाना बसंतपुर पुलिस ने नकबजनी के मामले का किया खुलासा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 अगस्त।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 08.07.2023 को राजनांदगांव से जाकर छुरिया अपने शासकीय आवास में रह रहा था, रोज की तरह इसके घर में काम करने वाली बाई काम करने आती थी। दिनांक 10.07.2023 को 12:00 बजे काम करने आयी थी जो घर का साफ सफाई कर 02:00 बजे घर में ताला लगाकर वापस चली गई थी। दिनांक 11.07.2023 को इसके घर में काम करने बाई आयी तो देखी घर कर दरवाजा का कुंडी टूटा हुआ था, तो देखकर फोन कर बतायी तब प्रार्थी छुरिया से राजनांदगांव अपने घर आया तो देखा घर का दरवाजा का कुंडी टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो लकड़ी का आलमारी का लाकर खुला हुआ था सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ



था, आलमारी को देखा तो वहां रखे हुये सोने चांदी का पुरानी इस्तेमाली जेवरात एवं नगदी रकम को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 354/2023 धारा 380, 457 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीअभिषेक मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में थाना स्तर में टीम गठित कर कार्यवाही हेतु लगाया गया था। गठित टीम के द्वारा चौक, चौराहों के सीसीटीवी कैमरों में मिले फुटेज के अवलोकन पर संदेही की गतिविधियां संदेहास्पद लगने एवं मुखबीर से पता तलाश किया गया जिसके आधार पर संदेही मोहम्मद बादल उर्फ आजीजूल पिता मोहम्मद जाहीदूल उम्र 25 साल साकिन कालामुद्दोपारा थाना एवं जिला बलांगीर (उड़ीसा) हाल आर.डी.ए. कालोनी रायपुर थाना टिकरापारा जिला रायपुर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ पर गुमराह करता रहा किन्तु सतत् तथ्यात्मक पूछताछ करने पर थाना बसंतपुर क्षेत्रान्तर्गत जीवन कालोनी में दिनांक 10.07.2023 के दरम्यानी रात को सूने मकान में नकबजनी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। जिसका मेमोरेण्डम कथन लिया गया जिन्होंने चोरी किये गये जेवरात को अपने पास रखना एवं चोरी की नगदी रकम 25,000 रूपये में से 24000 रूपये को खर्च होना एवं 1000 रूपये अपने पास होना बताया। आरोपी के निशानदेही पर चोरी गये मशरूका सोने, चांदी का जेवरात कीमती करीबन 24,000 रूपये एवं नगदी रकम 1000 रूपये कुल जुमला 25,000 रूपये को बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपी मोहम्मद बादल उर्फ आजीजूल का कृत्य अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक कौशलेश देवांगन, सउनि जीवराज रावटे, महिला प्रधान आर. मेनका साहू, थाना बसंतपुर स्टाप एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा दल, वीडियो निगरानी टीम एवं वीडियो अवलोकन दल गठित

**राजनांदगांव 27 अगस्त।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए विधानसभावार सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा दल, वीडियो निगरानी टीम तथा वीडियो अवलोकन टीम का गठन किया है। गठित दल कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यक्षेत्र में अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ अंतर्गत संभागीय लेखाधिकारी कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड राजनांदगांव श्री गोर्तिराज भास्कर को सहायक व्यय प्रेक्षक बनाया गया है, वहीं लेखा दल में सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक कार्यालय जनपद पंचायत डोंगरगांव श्री कोरेन लियुस कुजुर, लेखापाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाकठेरा श्री महेश कुमार वाघमारे, सहायक ग्रेड-2 कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ श्री चन्द्रकिशोर देवांगन, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ श्री दिनेश कुमार देवांगन शामिल है। लेखापाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बधियाटोला श्री रामकुमार देवांगन को रिजर्व में रखा गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत लेखाधिकारी कार्यालय अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव श्री टेकेन्द्र कुमार भट्ट को सहायक व्यय प्रेक्षक बनाया गया है, वहीं लेखा दल में सहायक लेखाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित राजनांदगांव श्री मुकेश कुमार सोनी, लेखापाल कार्यालय जिला हाथकरघा राजनांदगांव श्री डालचंद कोरी, सहायक ग्रेड-2 कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव श्री टीके महोबिया, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव श्री संतोष देवांगन शामिल है। लेखापाल शासकीय उच्चतमर माध्यमिक विद्यालय भर्रेगांव श्री राजेन्द्र कुमार रामटेके को रिजर्व में रखा गया है।

### रैली निकाल कर मतदाताओं को किया जागरूक

**रायपुर 27 अगस्त।** आज भारत स्काउट्स एवं गाइड्स निर्वाचन आयोग के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली आयोजित है जिसमें निर्वाचन आयोग के जैन साहब, पंचायत सी. ओ. साहब,एवं जिला आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी श्री हिमांशु भारतीय जी निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता रैली मरीन ड्राइव तेलिबाधा से प्रस्थान होकर घडी चौंक होते हुए रैली निकली जिसमें जिला संघ के पदाधिकारि भारत स्काऊट एवं गाइड़ के पदाधिकारी कोषाध्यक्ष जी. एल. धीवर, एवं स्काउट गाइड़ के लिंक अधिकारी(खेल अधिकारी) श्री आई. पी. वर्मा, पुलिस पब्लिक स्कूल बैरन बाजार प्रभारी दीपक सिंह (स्काउटर) एवं सहयोगी



दो स्टाफ स्काउट गाइड के बच्चे, मैक कॉलेज समता कालोनी के रोवर रेंजर, प्रभारी,बालाजी विद्या मंदिर स्कूल देवेन्द्र नगर रायपुर के जिला संगठन आयुक्त(गा.) कु दामिनी नाग स्काउट गाइड रोवर रेंजर,कु.दुर्गा लहरी गाइड़र स्कूल टण्डवा धरसीवा और अन्य स्कूल के स्काउट एवं गाइड रोवर रेंजर के बच्चे को मैडल निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिया गया एवं स्कूली बच्चों ने बैनर पोस्टर, तकती लेकर नारे लगाते हुए बढचडकर मतदाता जागरूकता रैली को सफल बनाने में अपना योगदान पून:अपने स्थान पर समाप्त हुआ जिसमें जिला संगठन आयुक्त (स्का) श्री बालक दास राऊत इस रैली में सभी का सराहनीय सहयोग रहा।

# रासेयो स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंवरी 27 अगस्त।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत् प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो निरंजन कुमार साहू इकाई क्रमांक 1 प्रो आकांक्षा मरकाम इकाई क्रमांक 2 के मार्गदर्शन में नियमित गतिविधि का आयोजन किया गया।



रासेयो के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के पूरे परिसर से सिंगल यूज प्लास्टिक इकट्ठा किया गया साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई की गई। इसके उपरांत कार्यक्रम अधिकारी निरंजन कुमार ने सभी स्वयं सेवको को राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार में शामिल होने की बधाई एवम शुभकामनाएं प्रदान की और यह बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर आप कैसे राष्ट्र तथा समाज की सेवा कर सकते है। इसके पश्चात नए स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की संक्षिप्त जानकारी वरिष्ठ स्वयंसेवक महेन्द्र कुमार साहू व लकेश्वरी साहू द्वारा प्रदान की गई। महेंद्र साहू ने बताया कि रासेयो के माध्यम से युवा के व्यक्तित्व का विकास होता है। लकेश्वरी ने बताया की रासेयो के माध्यम से हम अपनी छिपी प्रतिभाओं को जानते खोजते है। समस्त स्वयंसेवकों को रासेयो की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया गया। साथ ही वरिष्ठ स्वयंसेवकों को सत्र के विभिन्न गतिविधियों से संबंधित प्रभार सौपे गए। नियमित गतिविधि में देवेंद्र पटेल, रूपेश देवांगन, अपर्णा शर्मा,लीना गजेंद्र, संकेत कुमार साहू, तरुण सोनकर, कुशल डिंडोलकर, सोमेश्वर गंजीर, टीमेश, केसर, लुकेश्वरी, बीसमती, हस्मिका, सिद्धार्थ, लिमेश्वर सहित 150 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### ग्राम सुरगी में अवैध शराब बिक्री करते हुए एक आरोपी पकड़ाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 अगस्त।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक मीणा के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अवैध शराब बिक्री की रोकथाम अभियान के तहत आज दिनांक 26.08.2023 को चौकी सुरगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुरगी में मिनी स्टेडियम के पास अवैध शराब बिक्री की सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी निरीक्षक पुरुषोत्तम ध्रुव के नेतृत्व में चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा मौके पर जाकर रेड कार्यवाही कर आरोपी भोजू उर्फ भोजलाल साहू पिता बिसेलाल साहू उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम सुरगी वार्ड नंबर 13 पुलिस चौकी सुरगी थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री करते पाए जाने पर आरोपी के कब्जे से 21 पौवा देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 3.780 बल्क लीटर कीमती 1680/रुपये




एवं शराब बिक्री का नगदी रकम 160/ रुपए जप्त किया गया। आरोपी द्वारा अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री करते पाए जाने पर आरोपी के विरूध्द पुलिस चौकी सुरगी में धारा 34(1) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है! उक्त कार्यवाही में प्र.आर. 726 शिशुपाल भालाधरे एवं आरक्षक 1319 अर्जुन सिंह ठाकुर की भूमिका सराहनीय रहा ।

# कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल ने अमर पारवानी को सवश्रेष्ठ व्यापारी नेता के सम्मान से अंलकृत किया

**रायपुर 27 अगस्त।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की मिटिंग रायपुर में संपन्न हुई। कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल ने श्री अमर पारवानी जी को सवश्रेष्ठ व्यापारी नेता के सम्मान से अंलकृत किया। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महासचिव श्री प्रवीण खण्डेलवाल ने बताया की कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल ने श्री अमर पारवानी जी को सवश्रेष्ठ व्यापारी नेता के सम्मान से अंलकृत किया। कैट श्री



पारवानी जी को इस सम्मान के लिए कोटि-कोटि बधाई एवं शुभकामनाएं देती हैं। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने कहा कि यह सम्मान प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों का सम्मान है। कैट सी.जी. चैप्टर राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल का धन्यावाद ज्ञापित करती है। उपरोक्त कार्यक्रम में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप उपस्थित रहे- अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वासु माखीजा, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, अमर धींगानी, विजय पटेल, राकेश ओचवानी, कैलाश खेमानी, नरेश पाटनी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, जयराम कुकरेजा, दीपक विधानी, भूपेन्द्रर सिंह खालसा, परविन्द्रर सिंह खनूजा, रमेश खोडियार, राकेश लालवानी, सुशील लालवानी एवं शैलेन्द्र शुक्ला आदि।

### व्यवसाय वृद्धि के लिए शिव कुमार को दी इलेक्ट्रिक स्कूटर



**रायपुर 27 अगस्त।** चरामेति फाउंडेशन द्वारा करीब 90त्न दिव्यांग शिव कुमार टांडेकर को रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक स्कूटर प्रदान की गई। ज्ञातव्य है कि दो माह पूर्व ऐसी ही एक इलेक्ट्रिक स्कूटर पिंटूराम साहू जी को भी दी गई थी। राजेन्द्र ओझा ने बताया कि महासमुंद जिले के ग्राम- नयापारा भलेसर में रहने वाले कमजोर आर्थिक परिवार के शिव कुमार को उनके खिलौने आदि बेचने के व्यवसाय में वृद्धि एवं उनकी सुरक्षा की दृष्टि से उपयोगी ऐसी एक इलेक्ट्रिक स्कूटर प्रदान की गई है। उपरोक्त कार्यक्रम नीलेश अग्रवाल, एस. जी. ओक, के. एन. मूर्ति, प्रेम नारायण सोलंकी, डॉ. मृणालिका ओझा, कुलदीप सिंह होरा, अश्विन भाई बाटविया, सुहासिनी जतिन्दर भनोट, एम. लक्ष्मी राव, पूनम अडवानी, सुनीला बेन पंड्या, प्रवीण चौहान, एम. वी. राव, चतर सिंह सलूजा, जी. पी. अखिलेश, रमेश उपाध्याय, प्रेमचंद अग्रवाल, डॉ. शांतिलाल खाखरिया, ए. के. सिंग, विनय जैन, चंद्रकांत गंगर, सुशील भारद्वाज, त्रिलोचन सिंह, पुखराज गोस्वामी, अमनदीप सिंह, संकल्प वरवंडकर, रमाकांत साहू, नवीन जैन मोदी, रविश यादव, खजांची कुम्हार, रौशन बहादुर, श्रीकांत, भारती साहू आदि के सहयोग एवं उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# नेहा मंडावी का चयन हुआ खेलो इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी के लिए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 अगस्त।** बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगांव को एक और उपलब्धि प्राप्त हुई है। बास्केटबॉल के अंतर्राष्ट्रीय कोच कालवा राजेश्वर राव एवं राधा राव वनांचल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के रॉ टेलेंटेड बालिकाओं को चयनित कर उन्हें अपने घर पर, युगांतर पब्लिक स्कूल एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में रखकर इन बच्चों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान कर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाते रहे है। इसी कड़ी में नेहा मंडावी का नाम भी जुड़ गया है। श्री राव ने नेहा मंडावी सहित दो दर्जन से अधिक बालिका खिलाड़ियों को आई टी बी पी की 38 बटालियन के सहयोग से चयनित कर राजनांदगांव बुलाया और इन्हें यहां रखकर उन्हें बास्केटबॉल की बारिकियों से अवगत कराया और उनमें 12 खिलाड़ियों



को चयनित कर अपने घर में स्वयं के खर्च पर रखकर ट्रेनिंग दी। दुर्भाग्य से कोरोना आ गया तो इन 12 बालिका खिलाड़ियों को उनके घर भेजना पडा। परंतु श्री राव व उनकी पत्नी राधा राव ने घर में भी नहीं बेठने दिया उन्हें जुम के द्वारा आनलाइन ट्रेनिंग प्रदान की इन बच्चों के पास मोबाईल भी नहीं था। उनकी मदद साथी खिलाडी कविता के पिता ने की और उन्हें अपना मोबाइल उपलब्ध कराकर प्रेक्टीस करने में मदद की।। कोरोना के पश्चात नेहा मंडावी का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र राजनांदगांव की आवासीय योजना में हो गया। उसके पश्चात साई की अखिल भारतीय इंटर हॉस्टल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण उनका चयन खेलो इंडिया के असेसमेंट केम्प के लिए हुआ। इस असेसमेंट केम्प में सभी टेस्ट मे अपना सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट देने के कारण उन्हें खेलो इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी के लिए चयनित किया गया। वर्तमान में खेलों इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी देश के सर्वश्रेष्ठ कुल 120 खिलाडी है।

इसमें 2 दर्जन से अधिक खिलाडी साई राजनांदगांव के है। यह एक उपलब्धि है। इनमें नेहा मंडावी के अतिरिक्त मोना गोस्वामी, सोफी सिका, मोनी अडला, दिव्या इत्यादि खिलाडी प्रमुख है। राव दंपति ने वनांचल के रॉ टेलेंटेड खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया एवं इन खिलाड़ियों के जीवन स्तर में बदलाव लाने का प्रयास किया। इनके द्वारा प्रशिक्षित कई बालक बालिका खिलाड़ियों ने ना सिर्फ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता करायी बल्कि इनके द्वारा प्रशिक्षित कई खिलाड़ियों ने विभिन्न शासकीय संस्थानों में खेल कोटे से नौकरी भी पायी है इनमें से शांति खाखा, शबनम एक्का, निशा कश्यप, किरण यादव, प्रियंका अंबादे, मंदा मेश्राम, किरण प्रजापति, संध्या आर्य, राधा सोनी, विनिता शर्मा, रजत श्रीवास्तव, श्रवण बिश्नोई, मनोज सिंह, लुमेंद्र साहु, दोवल्लभी साहु, आशुतोष कुमार सिंह, राहुल रॉय, मौषम सिंह,देवेन्द्र यादव, सुमीत प्रसाद नुपूर गोहिल, वैशाली सिंह इत्यादि ऐसे कई खिलाड़ी हैं जिन्हे शासकीय विभागों में नौकरी दिलवाने में श्री राव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इनकी जिंदगी बना कर खेल के द्वारा इनके जीवन के स्तर में परिवर्तन लाया हैं। श्री कालवा राजेश्वर राव द्वारा उनकी पत्नी कालवा राधा राव के साथ मिलकर खेल के द्वारा समाज सेवा का बीड़ा उठाकर कार्य किया जा रहा है।

### शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी में सुरक्षित शनिवार का आयोजन

**अंवरी 27 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा योजना के अन्तर्गत दिनांक 26 अगस्त, शनिवार को सुरक्षित शनिवार का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न आपदा संबधित विभिन्न विषयों पर बच्चों सुरक्षा संबधित प्रशिक्षण दिया गया जिसमें से सर्पदंश ? से बचाव एवं उपचार पर शिक्षक घनश्याम प्रसाद वर्मा एवं डगेश्वर प्रसाद साहु ने सर्पो के विभिन्न प्रजाति की पहचान के तरिके एवं उपचार पर बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। वज्रपात और बाढ़ पर चर्चा एवं प्रशिक्षण के विषय पर मुख्य रूप से शिक्षक पुरुषोत्तम सेन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। डेंगू, मलेरिया एवं हाथीपांव के बचाव एवं उपचार विषय पर शिक्षक महेद्र कुमार साहु एवं अर्चना सोन द्वारा प्रभावशाली प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

## एक्टर स्वतंत्र भारत ने अपने अनूठे नाम के पीछे का किस्सा बताया



एक्टर स्वतंत्र भारत ढेरों लोकप्रिय फिल्मों और टीवी शोज में अपने बेमिसाल अभिनय के लिये मशहूर हैं। उन्होंने एण्डटीवी के फैमिली ड्रामा 'दूसरी मां' में शमशेरा के अपने नये किरदार से एक बार फिर दर्शकों का दिल जीता है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने इस किरदार को निभाने के बारे में चर्चा की और साथ ही अपने अनूठे नाम के पीछे की दिलचस्प कहानी भी बताई। उन्होंने बताया कि शमशेरा के व्यक्तित्व को परदे पर बखूबी उतारने के लिये उन्होंने क्या-क्या तैयारियां कीं।

आपका नाम बेहद अनूठा है। कृपया अपने नाम के पीछे की कहानी हमें बतायें। मेरे स्वर्गीय पिता शिवा नंद जी ने मेरा नाम रखा था। वह जम्मू में एक साइंटिफिक ऑफिसर के रूप में काम करते थे। उन्हें 'स्वतंत्र' नाम बहुत अच्छा लगता था, जिसका अर्थ है, जो हर नियम से उन्मुक्त होता है। हालांकि, सिर्फ कुछ लोग ही इसके गहरे अर्थ को समझ पाते हैं और अक्सर मेरे नाम का अनूठापन लोगों का ध्यान आकर्षित करता रहा है। मेरे स्कूल के दिनों में भी यही स्थिति बनी हुई थी। मेरे साथ पढ़ने वाले लोग मेरे नाम की वजह से मेरा मजाक उड़ाया करते थे और कई बार 'स्वतंत्र भारत' चिल्लाकर पुकारते थे। जब मैं छोटा था, तो मुझे इससे बहुत दुःख होता था और मैंने अपने परिवार वालों से अपना नाम बदलने का अनुरोध भी किया था। लेकिन, मेरे दादाजी ने मुझे अपने नाम की खूबसूरती और अपने पिता के साथ इसके जुड़ाव को समझने में मदद की और मुझे अपना नाम नहीं बदलने की सलाह दी। उनकी बातों को समझने के बाद, मैंने अपने नाम पर गर्व करना शुरू किया और जब भी किसी से मिलता, स्वतंत्र भारत के रूप में खुद का परिचय शान से देता था। मेरे सारे आधिकारिक दस्तावेजों में भी मेरा यही नाम लिखा हुआ है। लोग अक्सर मुझसे पूछते हैं कि क्या वाकई में मेरा नाम स्वतंत्र भारत है और मैं उन्हें बताता हूं कि हाँ यही मेरा वास्तविक नाम है (हंसते हैं)। मैं अपनी इस अनूठी पहचान का श्रेय अपने पापा को देना चाहूंगा, और उनका हमेशा शुक्रगुजार रहूंगा कि उन्होंने मेरा नाम स्वतंत्र भारत रखा। हो सकता है कि एक दिन इंडस्ट्री के लोगों को मेरा चेहरा याद न रहे, लेकिन सभी लोगों को मेरा नाम हमेशा याद रहेगा। आज मेरा नाम मेरी पहचान है और मुझे गर्व है कि मैंने उस समय अपना नाम नहीं बदला और इसे मैं अपने पिता की ओर से उनका सबसे अनमोल तोहफा मानता हूं।

आपके द्वारा निभाये गये शमशेरा के किरदार को दर्शको से बहुत तारीफ मिल रही है। आपको कैसा लग रहा है? अपने किरदार को इतना प्यार पाते देखना सचमुच सुखद है। यह पहचान मेरे साथी कलाकारों और समर्पित टीम के कारण मिली है, जिन्होंने इस किरदार को स्क्रीन पर दिखने में दिलचस्प बनाया है। सोशल मीडिया पर दर्शकों और मेरे दोस्तों से लगातार जो समर्थन मिल रहा है, उससे मुझे इस शो में अपना पूरा दमखम लगा देने की प्रेरणा मिलती है, ताकि मनोरंजन की दुनिया में कुछ अनोखा निकलकर आ सके। अपने किरदार शमशेरा की कौन-सी बात आपको सबसे ज्यादा अच्छी लगती है? अपने किरदार में जो बात मुझे वास्तव में महत्वपूर्ण लगती है और जिसमें मुझे मजा आता है, वह है उसका सबकी भलाई करने वाला रवैया; वह आसानी से झुकता नहीं है। शमशेरा एक विशिष्ट चित्रण है, जिसमें ताकत और कमजोरियों का संयोजन उसकी पहचान बनाता है। बाहर से कठोर दिखने के साथ ही, वह भीतर से सौम्य है। इस भूमिका मुझे बहुत उम्मीदें हैं, क्योंकि इसमें कई परतें हैं और इसमें गूढ़ता की संभावना है।

## कहीं मनेगा राखी का त्यौहार तो कहीं छूटेगी हंसी की बौछार



एण्डटीवी के शो 'दूसरी माँ' में कृष्णा और नूपुर रक्षाबंधन मनाने के लिये संघर्ष करते दिखेंगे। 'हप्पू की उलटन पलटन' में हप्पू अपनी प्रेग्नेंसी से दर्शकों को चैंका देगा और 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति, तिवारी का नौकर बन जाएगा। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में कृष्णा ने बताया, ''यशोदा (नेहा जोशी) आस्था (अद्विका शर्मा) से टकरा जाती है और बातचीत शुरू करने की कोशिश करती है, लेकिन आस्था उसे नजरअंदाज उपेक्षा करती है। दूसरी ओर, नूपुर (आन्या गवलान) कृष्णा (आयुध भानुशाली) के लिये राखी खरीदने की कोशिश करती है, लेकिन पैसों की कमी के चलते ऐसा नहीं कर पाती है। यह देखकर कृष्णा को दुख होता है और वह उस्ताद जी (स्वतंत्र भारत) की सलाह पर पैसे जुटाने के लिये कबड्डी मैच में खेलने का फैसला करता है। इस बीच, यशोदा को झूठे आरोप में फंसाने के लिये रणधीर (दर्शन दवे) ड्रग्स लाता है और अपनी शातिर योजना में गायत्री से मदद लेता है। यशोदा आती है और आस्था उससे बात करने का प्रयास करती है, पर विफल रहती है। दादाजी उनके बीच मध्यस्थता करते हैं। यशोदा आस्था से कहती है कि उसे राखी बांधने से पहले आस्था को कृष्णा को राखी बांधनी होगी।''

एण्डटीवी के हप्पू की उलटन पलटन की कहानी के बारे में दरोगा हप्पू सिंह ने बताया, ''हप्पू (योगेश त्रिपाठी) खून की जाँच करवाने जाता है, लेकिन लेब असिस्टेंट से उसकी बहस हो जाती है। बाद में, शाम को रज्जो (गीतांजली मिश्रा) रोमांटिक माहौल बनाती है, लेकिन हप्पू रोमांटिक नहीं होता है और रज्जो नाराज हो जाती है। बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) हप्पू को एक हकीम के पास जाने के लिये कहता है और हकीम हप्पू का जोश लाने के लिये एक चूरन बताता है। अगले दिन हप्पू के खून की जाँच की रिपोर्ट लेने कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) और राजेश जाती हैं और यह जानकर आश्चर्य में पड़ जाती हैं कि हप्पू प्रेग्नेंट है। अगली सुबह हप्पू को अपना पेट भारी लगता है और उसे अचार खाने की इच्छा होती है और उबकाइयाँ आती हैं। अम्मा और रज्जो को डॉक्टर की जाँच पर यकीन हो जाता है और वे हप्पू को इसके बारे में बताती हैं, और हप्पू चैंक जाता है। यह खबर जंगल की आग की तरह शहर में फैल जाती है और अखबार की सुर्खी बन जाती है। हर कोई हप्पू की देखभाल में जुट जाता है और गोद भराई की रस्म आयोजित की जाती है।''

एण्डटीवी के भाबीजी घर पर हैं की कहानी के बारे में मनमोहन तिवारी ने बताया, ''तिवारी (रोहिताश्व गौड़) को खलीवाली सुरेन्द्र मोहन तिवारी तृतीया के बारे में डेविड चाचा (अनूप उपाध्याय) और विभूति (आसिफ शेख) की बात सुनाई पड़ जाती है। उसकी फोटो दिखाते हुए वह बात कर रहे होते हैं कि एक वक्त किस तरह वे उसके वफादार नौकर थे, और अब भी मौका मिलने पर उसकी सेवा करने की इच्छा रखते हैं। इसके आगे, विभूति कहता है कि दूसरा तिवारी संपन्न था, लेकिन मॉडर्न कॉलोनी में उसका पड़ोसी तिवारी सम्मान के योग्य नहीं है। इस तुलना से तिवारी को गहरा दुख होता है।

## गीतांजलि मिश्रा ने पानी के अपने डर के बावजूद बोट राइड का आनंद उठाया

एण्डटीवी के घरेलू कॉमेडी 'हप्पू की उलटन पलटन' में नई राजेश सिंह (रज्जो) के रूप में गीतांजलि मिश्रा की एंट्री ने दर्शकों के रोमांच को काफी बढ़ा दिया है। दर्शकों की उत्सुकता को और भी बढ़ाते हुये गीतांजलि इन दिनों विभिन्न शहरों की यात्रा करने और अपने प्रशंसकों के साथ घुलने-मिलने में व्यस्त हैं। हाल ही में उन्होंने झीलों के शहर-भोपाल की यात्रा की, जहां पर अपने प्रशंसकों से मिलने के अलावा, गीतांजलि ने खरीदारी की, स्थानीय व्यंजनों के स्वाद चखे और नौका विहार (बोट राइड) का भी आनंद उठाया। उन्हें पानी से बहुत डर लगता है, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने भोपाल में बोट राइड के आनंद और रोमांच का जमकर लुत्फ उठाया और बड़ी झील



के खूबसूरत नजारों को निहारती रहीं।

गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' की रज्जो ने अपने बोटिंग अनुभव और पानी से डर पर जीत पाने के बारे में बताते हुये कहा, ''सच कहूं तो, शुरूआत में जब मैंने बड़ी झील में पानी के स्तर को देखा, तो मेरा दिल जोरों से धड़कने लगा और कई तरह के विचार मेरे मन में आने लगे। मैंने खुद से सवाल कियाः क्या मुझे वाकई में पानी में जाना चाहिये? पूरी जिंदगी मैं पानी से डरती रही हूं, क्योंकि मुझे स्विमिंग नहीं आती है। लेकिन एक सबसे पुरानी कृत्रिम झील की खूबसूरती ने मुझे आकर्षित किया और मैं बोट राइड पर जाने से खुद को रोक नहीं पाई। मैंने लाइफजैकेट पहनकर बोट में कदम रखा और जैसे ही बोट चलने को हुई, मेरे पांव कांपने लगे। हालांकि, बोट के थोड़ा आगे बढ़ने के बाद, मेरा डर दूर धीरे-धीरे दूर होता गया और मुझे मजा आने लगा। बोट से टकराकर उठने वाली पानी की लहरें एक मधुर धुन की तरह लग रही थीं और उन खूबसूरत वादियों का नजारा मनमोहक था। मेरे आस-पास तरह-तरह के पक्षी झूम रहे थे और छोटी-छोटी मछलियां पानी के साथ अठखेलियां कर रही थीं। इन सबके बीच सुहावने मौसम ने झील की खूबसूरती में चार-चांद लगा दिये थे। कुल मिलाकर मेरे लिये बोटिंग प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने और उसमें खो जाने का एक खूबसूरत अनुभव बनकर उभरा। यह मेरे लिये प्रकृति के साथ जुड़ने, ताजी एवं ठंडी हवाओं का अनुभव लेने और झील के पानी के लयबद्ध नृत्य में खो जाने एक अवसर था। यह वास्तव में एक स्फूर्तिदायक अनुभूति थी। यह सभी चीजें आपस में इतनी खूबसूरती से जुड़ी हुई थीं कि इससे मुझे बेहद सुकून मिला और मैं वहां की सुंदरता में खो गई। प्रकृति के साथ खुद को इस तरह से जोड़कर मेरा सारा डर चला गया और मैंने बोट पर पूरे समय एक आनंददायक अनुभूति का अनुभव किया। थोड़ी देर बाद, हम एक आईलैंड पहुंचे, जहां झील के बीचों-बीच से भोपाल शहर की सुंदरता और भी निखर कर नजर आ रही थी। बोट से उतरते समय मुझे तो यकीन ही नहीं हो रहा था, कि मैंने यह उपलब्धि हासिल कर ली है। बेशक यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार पल है, जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा।'' प्रशंसकों एवं दर्शकों से अपनी मुलाकात के दौरान, गीतांजलि ने कहा, ''यह वास्तव में एक यादगार अनुभव है। मेरे दर्शकों और प्रशंसकों ने जिस तरह से मेरा स्वागत किया है, वह मेरे दिल को छू गया। लोग मुझे प्यार से रज्जो कहते हैं और उन्होंने शो में नई राजेश के रूप में मेरी एंट्री के लिये ढेरों शुभकामनायें दी हैं। उनके अपार समर्थन ने मेरा दिल जीत दिया। मुझे खुशी है कि दर्शकों ने अपनी नई दबंग दुल्हनिया का इतने प्यार से स्वागत किया है और मैं उन सभी की दिल से शुक्रगुजार हूं।'' गीतांजलि मिश्रा द्वारा अभिनीत अपना पसंदीदा 'राजेश ऊर्फ रज्जो' का किरदार देखिये 'हप्पू की उलटन पलटन' में, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 10:00 बजे सिर्फ एण्डटीवी पर!

## भोला के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर का उत्सव मनाने के लिए देश भर के शिव मंदिरों में शिव भक्तों से जुड़ा जी सिनेमा

### देखिए भोला का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, रविवार 27 अगस्त को

ये भक्त महाकाल का, करेगा नाश शैतान का! देखिए दमदार एक्टर अजय देवगन का रौद्र रूप, जहां वो एक बहादुर योद्धा बनकर करेंगे दुश्मनों पर प्रहार! जी हां, ज़ी सिनेमा लेकर आया है भोला का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर! देखिए भगवान शिव की शक्ति का आशीर्वाद लिए एक पिता की तमाम मुश्किलों से पार जाकर अपनी बेटी से फिर मिलने की गहरी चाहत, भोला के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर में, रविवार 27 अगस्त को रात 8 बजे, ज़ी सिनेमा पर।




जज़्बा है जीने में जब सिनेमा है सीने में... अपनी इसी फिलॉसफी के साथ ज़ी सिनेमा ने अपने दर्शकों से जुड़ने के लिए हर बार एक नायाब तरीका अपनाया है। अब भोला के वर्ल्ड टीवी प्रीमियर के लिए चैनल ने सावन सोमवार और नाग पंचमी के पावन अवसर पर एक अनोखी पहल करते हुए देश भर के शिव भक्तों से एक खास नाता जोड़ लिया।

भगवान शिव की महिमा को नमन करते हुए ज़ी सिनेमा ने वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर और नाशिक के श्री त्र्यंबकेश्वर मंदिर जैसे प्रसिद्ध पूजा स्थलों पर शिव भक्तों की आराधना में उनके साथ शामिल होकर एक अद्भुत माहौल बना दिया। शिव भक्तों को प्रसाद रखने के लिए कपड़े के बैग उपलब्ध कराने से लेकर लंबी कतारों में खड़े श्रद्धालुओं को जूस बांटने तक, और भोलेनाथ को महाप्रसाद चढ़ाने से लेकर उसे जरूरतमंद लोगों को परोसने तक, इस चैनल ने खुद को पूरी तरह महादेव और उनके भक्तों की सेवा में समर्पित कर दिया। ऐसे में हर मंदिर पर मौजूद भक्तों के दिल श्रद्धा से भर गए क्योंकि वे न सिर्फ भगवान का आशीर्वाद लेकर लौटे बल्कि एक अनोखा अनुभव भी साथ ले गए।

फिल्म भोला को लेकर चर्चा करते हुए 'मास महाराजा' अजय देवगन बताते हैं, ÷भोला एक भव्य एक्शन फिल्म है, जिसमें गहरे जज़्बात हैं। एक डायरेक्टर और एक एक्टर, दोनों ही रूप में भोला बनाना मेरे लिए एक दिलकश सफर रहा। मैं हमेशा नई-नई फिल्म निर्माण तकनीक पेश करने की कोशिश करता हूं, जिनमें से ज्यादातर भोला के एक्शन दृश्यों में इस्तेमाल की गई हैं। इस फिल्म में एक बाप-बेटी का दिल छू लेने वाला रिश्ता यकीनन बहुत-से लोगों से जुड़ जाएगा। अब मुझे उसे पल का इंतजार है, जब दर्शक टेलीविजन पर यह फिल्म देखेंगे और भोला की दुनिया में गहरे उतर जाएंगे।

भोला में एक बार फिर अजय-तब्बू की बेमिसाल जोड़ी नजर आई, जिनके साथ संजय मिश्रा, दीपक डोबरियाल और गजराज राव जैसे मशहूर एक्टर्स भी शामिल हैं।तो आप ज़ी सिनेमा पर अजय देवगन का स्टार पावर, दमदार एक्शन और एक मास सिनेमा का अनुभव करने के लिए देखिए भोला का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, रविवार 27 अगस्त को, रात 8 बजे!

## उर्वशी रौतेला ने रचा इतिहास

आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 को लेकर पूरी दुनिया के क्रिकेट लवर्स एक्साइटेड हैं। इस बार यह सीरीज भारत में आयोजित होने जा रही है। इसके लिए 8 टीमें पहले ही क्वालीफाई कर चुकी हैं। इन दिनों वनडे वर्ल्ड कप ट्रॉफी पूरी दुनिया में टूर कर रही है। इसी बीच अब पहली बार किसी फिल्मी सितारे के संग यह ट्रॉफी नजर आई है। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने एक तस्वीर शेयर की है जिसमें वह वर्ल्ड कप ट्रॉफी के संग दिलकश अंदाज में खड़ी नजर आ रही हैं। उर्वशी रौतेला ने जो तस्वीर शेयर कही है उसमें वह भी वर्ल्ड कप ट्रॉफी की तरह गोल्डन ड्रेस में नजर आ रही हैं। उन्होंने एक हाईस्लिट गाउन पहना हुआ है, जिसका फेवरिक शिमरी है और जिसका एक हिस्सा एक्ट्रेस के सिर को भी ढ़ंक रहा है। ट्रॉफी के बाजू में खड़ीं उर्वशी का ये लुक काफी गजब का है। लेकिन कमेंट में लोग कह रहे हैं कि उर्वशी खुद भी ट्रॉफी की तरह दिख रही हैं। इस तस्वीर में उर्वशी रौतेला फ्रांस के पेरिस में एफिल टॉवर के सामने खड़ी नजर आ रही हैं। अब तस्वीर में एक साथ 3 ऐसे ऑब्जेक्ट नजर आ रहे हैं जो फैंस को पसंद आ रहे हैं।



## अमेजन ने कुल 62 लाख से अधिक एमएसएमई को बनाया डिजिटल

अमेज़ॅन इंडिया ने भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के क्रम की गई अपनी घोषणाओं के बारे में आज जानकारी साझा की। अमेज़ॅन की ओर से बताया गया कि उसने 62 लाख (6.2 मिलियन) से अधिक सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को संचयी रूप से डिजिटलीकृत किया है, लगभग 8 बिलियन डॉलर के संचयी निर्यात को सक्षम बनाया है और अब तक भारत में 13 लाख (1.3 मिलियन) से अधिक प्रत्यक्ष एवं परोक्ष नौकरियों का सृजन किया है। अमेज़ॅन ने 1 करोड़ (10 मिलियन) एमएसएमई को डिजिटल बनाने, 20 बिलियन डॉलर के संचयी निर्यात को सक्षम करने और 2025 तक भारत में 20 लाख (2 मिलियन) नौकरियां पैदा करने का वादा किया था। अमेज़ॅन इन वादों को पूरा करने की राह पर अग्रसर है। लगभग दो साल पहले, अमेज़ॅन ने डिजिटल इंडिया की संभावनाओं का द्वार खोलने के इच्छुक प्रौद्योगिकी आधारित स्टार्टअप्स में निवेश करने के लिए 250 मिलियन डॉलर के अमेज़ॅन संभव वेंचर फंड की घोषणा की थी। अमेज़ॅन इंडिया के इंडिया कंज्यूमर बिजनेस के कंट्री मैनेजर, मनीष तिवारी ने कहा- देश भर में लाखों सूक्ष्म उद्यमियों, छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप के साथ लगातार काम करते हुए, हम नए उपकरण, प्रौद्योगिकी और नवाचार लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## एंड पिक्चर्स चढ़ने जा रहा है प्यार, दोस्ती और पक्के इरादों की 'ऊंचाई'

अपनी दोस्ती में जगाइए एक नई उमंग, क्योंकि एंड पिक्चर्स लेकर आ रहा है 'ऊंचाई' का प्रीमियर, जो तीन दोस्तों और उनके रोमांचक एवं सार्थक सफर की एक प्रेरणादायक कहानी है। अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, बोमन ईरानी, नीना गुप्ता और सरिका ठाकुर जैसे बॉलीवुड के दिग्गजों और टैलेंटेड परिणीति चोपड़ा के अभिनय से सजी इस फिल्म में एक से बढ़कर एक शानदार कलाकार हैं।

राजश्री प्रोडक्शन्स की शानदार पेशकश और सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनी यह फिल्म अपने प्रोडक्शन हाउस के फैमिली-फ्रेंडली कॉन्टेंट के 75वें वर्ष का जश्न मनाती है और एक दिल छू लेने वाली कहानी के जरिए आपके पूरे परिवार को साथ लाती है। बेमिसाल दोस्ती और गहरे रिश्तों की ये कहानी तीन इंसानों और माउंट एवरेस्ट पर उनके साहसिक ट्रैक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने बूढ़े शरीर के साथ तमाम मुश्किलों से जूझते हुए दोस्ती की एक शानदार मिसाल कायम करते हैं। गहरे जज़्बातों, पक्के इरादों और मनोरंजन के बेहतरीन तालमेल के साथ यह फिल्म तमाम मुश्किलों से संघर्ष दिखाती है। ऐसे में 27 अगस्त को सुबह 11¬30 बजे सिर्फ एंड पिक्चर्स पर यह आपके सन्डे ब्रंच के लिए एक परफेक्ट फिल्म साबित होगी।

एंड पिक्चर्स पर इस फिल्म के प्रीमियर को लेकर सूरज बड़जात्या ने कहा, ÷ऊंचाई हमेशा मेरे सबसे अनमोल उपहारों में से एक रहेगी। इस फिल्म के साथ मैंने खुद? को और अपनी पसंद के सिनेमा को एक बार फिर दर्शकों के सामने पेश किया, और मैं कहना चाहूंगा कि मुझे वापस लौटकर बहुत अच्छा लगा। राजश्री में हम यहां प्यार, दोस्ती और परिवार का जश्न मनाते हैं, और इस फिल्म को राजश्री की फिल्मों के इतिहास के 75वें साल के नाम समर्पित करना बेहद खुशी की बात है। ऐसे में एंड पिक्चर्स की 10वीं सालगिरह का मौका इस उत्साह को और बढ़ा देता है। मैं उनकी सफलता के लिए उन्हें तहे दिल से शुभकामनाएं देता हूं। एक मुकम्मल एहसास जगाने वाले इस रोमांचक ड्रामा में अमित त्रिवेदी का गाना 'केटि को' भी शामिल है, जो दोस्ती और प्यार को लेकर बॉलीवुड का असली जोश सामने लाता है। यह गाना 30 मिलियन व्यूज़ के साथ दर्शकों का बेहद पसंदीदा बन गया और इसने तीनों दोस्तों की कहानी में जान डाल दी, जो माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई करने निकलते हैं। तो देखने के लिए तैयार हो जाइए इन तीनों का सफर, जो पार करेंगे हर मुश्किल डगर, 27 अगस्त को ठीक सुबह 11¬30 बजे, सिर्फ एंड पिक्चर्स पर!




## उर्वशी रौतेला और सूर्य कुमार यादव बने एक इंटरनेशनल ब्रांड के एम्बेसडर

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला का क्रिकेट से नाता टूटने का नाम नहीं ले रहा है. एक बार फिर एक्ट्रेस का नाम क्रिकेट के साथ जुड़ रहा है. फिलहाल, खबरें हैं कि इस बार एक्ट्रेस इंडियन क्रिकेट टीम के एक और खिलाड़ी के साथ हाथ मिलाने वाली हैं। लेकिन हम आपको बता ये खिलाड़ी ऋषभ पंत नहीं हैं. जी हां, उर्वशी रौतेला ने इस बार क्रिकेटर सूर्य कुमार यादव के साथ हाथ मिलाया है. दोनों जल्द ही एक ब्रांड एंडोर्समेंट और पार्टनरशिप के लिए साथ काम करने वाले हैं। उर्वशी रौतेला यूं भी इंटरनेशनल लेवल पर काफी फेमस हैं. उनके साथ सूर्य कुमार यादव का नाम जुड़ा है. सूर्य भारतीय क्रिकेट टीम के राइजिंग स्टार हैं. इधर एक इंटरनेशनल फैशन और लाइफस्टाइल ब्रांड ने दोनों को अपना नया ब्रांड एंबेसडर चुना है. दिलचस्प बात ये है कि उर्वशी के साथ इस ब्रांड से जुड़ने के लिए सूर्य ने ऋषभ पंत को रिप्लेस किया है. फिर क्या अब उर्वशी रौतेला और सूर्य कुमार यादव की जोड़ी धमाल मचाने वाली है



उर्वशी रौतेला इंटरनेशनल लेवल पर भारत का गौरव बढ़ाती रही हैं. फैशन और स्टाइल के मामले में वो भी किसी से कम नहीं हैं. साथ ही उर्वशी का खूबसूरती में भी कोई मुकाबला नहीं है. उनके अपोजिट इस ब्रांड प्रमोशन में तेज खिलाड़ी सूर्य कुमार यादव होने वाले हैं. सोशल मीडिया पर दोनों की तस्वीरें वायरल हो रही हैं. दोनों साथ में बेहद प्यारे लग रहे हैं. खासतौर पर सूर्य का स्टाइलिश लुक चौंकाना वाला है. सूर्य कुमार यादव ने ब्रांड की ब्लैक हुडी में काफी डैशिंग दिख रहे हैं. वो एक्ट्रेस के साथ मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं।

## जी बॉलीवुड मना रहा है मसालेदार मनोरंजन के 5 साल बेमिसाल

5 साल पहले 31 अगस्त को, ज़ी बॉलीवुड ने शुरू किया था एक बेमिसाल सफर... ऐसी फिल्में दिखाने का सफर, जो 101त्न शुद्ध बॉलीवुड की सच्ची मिसाल हैं। इन फिल्मों को कुछ इस तरह चुना गया कि यह हर बॉलीवुड प्रेमी की पसंद पर खरी उतरीं। इस साल जहां यह चैनल अपने 5 वर्ष पूरे करने जा रहा है, वहीं आप भी इस चैनल की शानदार प्रॉपर्टी '5 साल बेमिसाल' के साथ एक धमाकेदार सप्ताह के लिए तैयार हो जाइए। 5 दिनों तक चलने वाले इस जबर्दस्त जलसे में एक से बढ़कर एक मसालेदार ब्लॉकबस्टर फिल्में दिखाई जाएंगी। 28 अगस्त से 1 सितंबर तक, हर रात 9 बजे जानी-मानी बॉलीवुड फिल्में दर्शकों पर अपना जादू चलाएंगी।

'5 साल बेमिसाल' में पेश की जाने वालीं चुनिंदा फिल्में बॉलीवुड की असली झलक दिखाती हैं, जिनमें रोमांस, एक्शन, ड्रामा और एंटरटेनमेंट के साथ-साथ ज़ी बॉलीवुड का सच्चा हौसला भी नजर आता है।




28 अगस्त को रात 8 बजे रितिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा स्टारर 'क्रिश' के साथ चल पड़िए सुपर हीरो के एक रोमांचक सफर पर! 29 अगस्त को यादगार रोमांटिक फिल्म 'मैंने प्यार किया' के साथ दिल में जगाइए पहले प्यार की कशिश। 30 अगस्त को देखिए सनी देओल की एक्शन से भरपूर फिल्म 'इंडियन'। इसके बाद 31 अगस्त को फिल्म 'दंगल' में होगा महावीर सिंह फोगाट और उनकी बेटियों का यादगार सफर, जिसमें वे पुराने रीति-रिवाजों को तोड़कर अपने अटूट हौसले के साथ नई ऊंचाइयों को छूते हैं। 1 सितंबर को यह शानदार सप्ताह खत्म होगा शाहरुख खान की 101त्न शुद्ध ड्रामा 'कोयला' के साथ, जो प्यार और बदले की खातिर हर हद से गुजर जाएगी। तो आप भी ज़ी बॉलीवुड के साथ शामिल हो जाइए, जहां यह चैनल 5 साल के बेमिसाल मनोरंजन का जश्न मनाते हुए 101त्न मसालेदार फिल्मों से भारी पांच रातों से पर्दा उठाएगा। इस पूरे हफ्ते, 101त्न शुद्ध टशन, 101त्न शुद्ध रोमांस, 101त्न शुद्ध हीरोपंती, 101त्न शुद्ध ड्रामा और यादगार गानों के साथ मनोरंजन की एक मजेदार सवारी करने के लिए तैयार हो जाइए! देखिए ज़ी बॉलीवुड, 28 अगस्त से 1 सितंबर तक, हर रात 9 बजे और '5 साल बेमिसाल' के इस धमाल में शामिल हो जाइए।

## टीवी कलाकारों ने अपने भाई-बहन के साथ करीबी रिश्ते और राखी के खास उत्सव पर बात की!

वे हमारे मौलिक साथी के रूप में शुरुआत करते हैं और पक्के विश्वासपात्र तथा निर्णायक सुरक्षा करने वालों की भूमिका में आ जाते हैं। इस तरह से भाई-बहनों की भूमिका अलग तरह की और खास होती है। भाई-बहन के बीच जो अटूट रिश्ता होता है, उसे हर साल रक्षा बंधन में मनाया जाता है। इस दिन को यादगार बनाने के लिये, एक्टर्स अपने भाई/बहन के साथ अपने करीबी रिश्ते की कहानियाँ रोमांचक तरीके बता रहे हैं, जो इस साल के जश्न की योजना के लिये हैं।



यह कलाकार हैं दूसरी माँ के आयुध भानुशाली (कृष्णा) और नेहा जोशी (यशोदा), गीतांजली मिश्रा (हप्पू की उलटन पलटन की राजेश) और विदिशा श्रीवास्तव (भाबीजी घर पर हैं कि अनीता भाबी)। 'दूसरी माँ' की यशोदा, ऊर्फ नेहा जोशी ने बताया, ''हर साल मेरा भाई और मैं बड़े ही रोमांच और उत्सुकता से यह त्यौहार मनाते हैं। मैं रोजाना अपने बड़े भाई के लंबे जीवन की प्रार्थना करती हूँ और इस खास दिन पर सुनिष्चित करती हूँ कि उसे पता चले मैं उससे कितना प्यार करती हूँ। हमारी परंपरा के अनुसार, मैं उसके बैठने के लिये फर्श पर एक वर्गाकार आकृति बनाती हूँ, उसके माथे पर तिलक लगाती हूँ, आरती करती हूँ और फिर हम मिलकर अपनी मनपसंद मिठाइयों का आनंद लेते हैं। सबसे अच्छा लगता है पूजा के बाद एक-दूसरे को तोहफे देना। इस साल मैं ''दूसरी माँ'' के लिये जयपुर में शूटिंग कर रही हूँ, इसलिये रक्षाबंधन पर प्रत्यक्ष रूप से उससे नहीं मिल सकूंगी। लेकिन मैंने उसे कुरियर से एक खूबसूरत राखी भेजी है और उससे एक बार फिर बेहतरीन तोहफा पाने की उम्मीद में हूँ (हँसती हैं)। उम्र में अंतर के बावजूद हमारा रिश्ता स्नेह और मित्रता वाला है। हम अक्सर वह बातें याद करके हँसते हैं कि जब मैं जन्मी थी, तब उसे खेलने के लिये एक भाई चाहिये था और अब मैं उसके लिये वैसा ही भाई बन गई हूँ। उससे लगातार मिलने वाला समर्थन मेरे लिये एक दुनिया के बराबर मायने रखता है और उससे मिलने वाले प्रोत्साहन के लिये मैं हमेशा आभारी हूँ।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश, यानि गीतांजली मिश्रा ने बताया, ''हर रक्षा बंधन पर मेरा प्यारा कज़िन राजकुमार मेरे घर आता है और मैं उसकी कलाई पर एक खास धागा बाँधती हूँ। वह बड़े भाई जैसा है, जिससे मैं हमेशा सलाह ले सकती हूँ और अपनी भावनाएँ प्रकट कर सकती हूँ।

## सोनी सब के ध्रुव तारा में, क्या तारा 17वीं सदी में वापस लौटेगी और ध्रुव को उसके पिता की मौत के लिए दंडित करेगी?

सोनी सब के मनोरम रोमांटिक ड्रामा ध्रुवतारा - समय सदी से परे ने हाल ही में प्रभावशाली 150 एपिसोड पूरे कर लिए हैं। शो की आकर्षक कहानी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। शो में आश्चर्यजनक मोड़ों से भरी रोमांस और समय यात्रा की ऐसी कहानी बुनी गई है जो हर किसी को बांधे रखती है। शो के जीवंत नायक, ध्रुव (ईशान धवन द्वारा अभिनीत) और नायिका तारा (रिया शर्मा द्वारा अभिनीत) इस सफर में हमारा नेतृत्व कर रहे हैं। उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री स्क्रीन पर धूम मचा रही है, जिससे दर्शक हर नए मोड़ का बेसब्री से इंतज़ार करते हैं। आगामी सप्ताह में, एक दिलचस्प मोड़ आने वाला है क्योंकि तारा अंततः अपने प्यार ध्रुव के करीब आते हुए वल्लभगढ़ लौट आती है। ध्रुव और श्याम मोहिनी की शादी के उत्सव के बीच, एक रोमांचक मोड़ आता है। महावीर नाटकीय रूप से आता है और घोषणा करता है कि उसे वल्लभगढ़ पर कब्ज़ा करने की योजना के बारे में पता है। यह रहस्योद्घाटन हर किसी को चौंका देता है और एक साहसिक घोषणा करते हुए, ध्रुव खुले तौर पर स्वीकार करता है कि उसका दिल सिर्फ और सिर्फ तारा का है, जिससे श्याम मोहिनी की उससे शादी करने की उम्मीदें टूट जाती हैं। जैसे-जैसे तनाव बढ़ता है, वह पल भी आता है जिसका सभी को इंतज़ार है तारा सभी बाधाओं को पार करती है और श्याम मोहिनी द्वारा नवरंग वन को नष्ट करने के प्रयासों के बावजूद अंततः 17वीं शताब्दी में पहुंच जाती है।

## अग्निसाक्षी एक अलग कहानी है: श्रेष्ठ

संकटमोचन महाबली हनुमान, काल भैरव रहस्य और दिल तो हैप्पी है जी जैसे टीवी धारावाहिकों में श्रेष्ठ अभिनय करने वाले दिल्ली निवासी श्रेष्ठ कुमार कलर्स के शो अग्निसाक्षी में अपने अभिनय का लोहा मनवा रहे हैं। श्रेष्ठ का कहना है कि धारावाहिक अग्निसाक्षी पारिवारिक शो है। यह एक अलग तरह की कहानी है। श्रेष्ठ शो में उत्कर्ष के नाम से परिवार के बड़े पुत्र का किरदार निभा रहे हैं। भोसले फैमली के सदस्य उत्कर्ष अचानक गुम हो जाता है। उसे कुछ लोग अपने कब्जे में रखे हुए थे। उसे प्रताड़ित करते हैं। लंबे अर्से बाद उत्कर्ष घर लौटता है। उसे अपने रिश्तों का पता चलता है। उसके व्यवहार में बदलाव आ जाता है। श्रेष्ठ का कहना है कि यह चैलेंजिंग कैरेक्टर है। उत्कर्ष घर वापस आ तो जाता है परंतु उसे कुछ याद नहीं रहता है। श्रेष्ठ ने बताया कि अग्निसाक्षी के जरिए दर्शकों को नया टेस्ट मिलेगा।



## एक नजर

### आस्था विद्या मंदिर के बच्चें व शिक्षकों ने मानव श्रृंखला एवं रंगोली से दिया मतदान का संदेश




**गीदम, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर दंतेवाड़ा श्री विनीत नंदनवार के मार्गदर्शन पर जिले में स्वीप मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल जावंगा के 450 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए गोंडी भाषा में वोट पंडुम स्वीप का मानव श्रृंखला एवं रंगोली बनाया गया। आस्था विद्या मंदिर जावंगा के प्राचार्य गोपाल पांडे एवं एपीसी सिकंदर खान जोकाल दादा के मार्गदर्शन में उप प्राचार्य प्रमोद गुप्ता, व्याख्यता अमुजुरी विश्वनाथ, विकास बाईन, अशिमानंद बाईपारी, नाथूराम अनंत, मिथलेश्वर जैन, सुनील साहू ने मानव श्रृंखला एवं रंगोली बनाने में सहयोग कर मतदान जागरूकता के बारे में बच्चों को जानकारी दिया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने ग्रामीण तथा शहरी लोगों को अपने मताधिकार के उपयोग के प्रति जागरूक एवं नया वोटर का पंजीकरण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने हेतु फॉर्म 6 भर कर नजदीक मतदान केंद्र, पंचायत कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय तथा जिला निर्वाचन विभाग में जमा करने का अपील किया। जिला निर्वाचन विभाग समेत आम जनता, विद्यार्थियों, शिक्षकों भी इन कार्यक्रमों में रूचि दिखा रहें और बढ़ चढ़कर जागरूकता अभियान में शामिल हो रहे हैं।

### बनियागांव में शिक्षकों को तीन दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण दिया



**कोंडागांव, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखण्ड कोंडागांव अंतर्गत बनियागांव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 24 से 26 अगस्त तक दिन दिवस का एफएलएन प्रशिक्षण दिया गया। एफएलएन एक प्रकार का राष्ट्रीय मिशन है, जिसको भारत सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति में शामिल किया गया है तथा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चलाया जा रहा है इसके तहत 3 वर्ष से लेकर 9 वर्ष तक आयु वर्ग वाले सभी बच्चों को भाषा और गणित कौशल कि शिक्षा प्रदान की जाएगी इसके साथ साथ पोषण और स्वास्थ्य, बुनियादी कौशल शिक्षा इत्यादि पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस के अंतर्गत आने वाले सभी बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य (मानसिक स्वास्थ्य सहित) सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा, शिक्षा के मूलभूत वर्षों में बच्चों तक पहुंच प्रदान किया जायेगा। एफएलएन की आवश्यकता वर्तमान में इसलिए है क्योकि यह एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जो बच्चों को उच्च कक्षाओं मे सार्थक रूप से किसी भी चीज़ को सीखने की एक नया अवसर देता है। इस मिशन के तहत बच्चों को वह सभी बुनियाद कौशल शिक्षा प्रदान की जाएगी। जिससे वह आगे बढ़ सके और एक अच्छा छात्र बन सके। इस प्रथम चरण के प्रशिक्षण में 6 संकुल के शिक्षकों को ट्रेनिंग दिया गया, जिसमे सोनाबाल, बानियागांव, बड़े बंजोड़ा, पोलंग, मोहलई मुनगापदर शामिल है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरो द्वारा बारीकी से शिक्षको को प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर गौतम साहू, आशुतोष ध्रुव, मदन राठौर व हेमदत्तेश्वर पटेल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

हमारी संस्कृति व परम्परा ही हमारी पहचान: तुलिका कर्मा

# छत्तीसगढ़िया ओलपिंक में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष तुलिका कर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 27 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने लगातार छत्तीसगढ़िया ओलपिंक का आयोजन किया जा रहा है। गीदम में विकासखंड स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलपिंक का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा पहुँची। सर्वप्रथम माँ दंतेश्वरी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं राज्य गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने कहा कि पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़िया ओलपिंक की शुरुआत की गई है। हमारे जिले में प्रतिभा की कमी नही है बस मंच नहीं मिलने के कारण वह आगे नहीं आ सके। ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़िया ओलपिंक के नाम से खेलकूद प्रतियोगिता का





आयोजन किया। इस ओलम्पिक में उन खेलों को शामिल किया गया है जो आज के बच्चे भूल चुके हैं। तुलिका ने कहा कि हमारी संस्कृति और परम्परा ही हमारी पहचान है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लुप्त हो रहे गिल्ली-डंडा, गेड़ी, फुगड़ी सहित कई खेलों को इस ओलंपिक में शामिल किया है, जिससे आज की पीढ़ी पुराने खेलों से परिचित हो सके। जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा की सभी खिलाड़ियों को बधाई, जिन्होंने पारम्परिक खेलों में हिस्सा लिया और जिले का मान बढ़ाया। हर खेल को ईमानदारी स्व खेले और हार से निराश ना हो। जीवन में हार-जीत लगे रहती है बस सोच का फर्क होता है। सुलोचना ने कहा कि हर खिलाड़ी खेल को खेल भावना से खेले ताकि आपसी भाईचारा बना रहे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी सुराना, जनपद अध्यक्षअंति वेक, सरपंच बीजू राम कश्यप, अनिल कर्मा, समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी व आम नागरिक मौजूद थे।

### तुलिका-सुलोचना ने रस्सीखींच में दिखाया दम

छत्तीसगढ़िया ओलपिंक में पहुँचे जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा व जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने रस्सीखींच में अपना दमखम दिखाया। ओलपिंक में कर्मचारी व जनप्रतिनिधियों के बीच रस्साखींच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में यूं तो कर्मचारी वर्ग ने जीत हासिल की पर अपनी टीम को लीड करते हुए तुलिका और सुलोचना ने भी खूब पसीना बहाया। इस आयोजन का लोगों ने खूब लुफ्त उठाया और जमकर तारीफ भी की।

# आम आदमी पार्टी ने निकाली बदलाव यात्रा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 27 अगस्त।** आम आदमी पार्टी राजिम विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को नया बस स्टैंड फिंगेश्वर से बदलाव यात्रा निकाली जो फिंगेश्वर नगर भ्रमण कर बोरसी, किरवई, बेलटुकरी, लफन्दी ,धुमा, श्यामनगर, सुरसाबाँधा, कोपरा, पांडुका, पोड होते हुए गरियाबंद और छुरा पहुंची।

राजिम विधानसभा क्षेत्र के बदलाव यात्रा में आम आदमी पार्टी के छत्तीसगढ़ सहप्रभारी एवं पंजाब विधायक हरदीप सिंह मुंडियां विशेष तौर पर शामिल हुए। मुंडियां ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब में शिक्षा, स्वस्थ्य, बिजली , पानी जैसे जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने पूरे तन्मयता से काम कर रही है जिसका पहचान आज देश और दुनिया मे बन चुका है। आसन्न विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता के बुनियादी अधिकारों को सुनिश्चित करने पूरे नब्बे सीटों पर पार्टी चुनाव लड़ेगी जिसके लिए यह बदलाव यात्रा छत्तीसगढ़ के हर एक विधानसभा क्षेत्र में जारी है।

किसान नेता तेजराम विद्रोही ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में जनता के लिए काम करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया है साथ ही जनता के सामने एक बेहतर सरकार चुनने का विकल्प दिया है। एक बेहतर विकल्प नहीं होने के कारण ही जनता अब तक कभी भाजपा तो कभी काँग्रेस को चुनती आई है। भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों की नीतियां और आचरण जन विरोधी तथा वायदाखिलाफी का रहा है इसलिए आज हम जनता के सामने आम आदमी पार्टी के रूप में बेहतर विकल्प दे रहे हैं। दिल्ली में केजरीवाल जी को एक मौका जनता ने दिया दूसरा और तीसरा मौका उन्होंने उनके काम के विश्वास पर दिया है। इसलिए एक मौका छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी को मिलनी चाहिए। बदलाव यात्रा में पार्टी के महिला विंग गरियाबंद जिला अध्यक्ष रामबाई दिवान, फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष रुद्रसेन सिन्हा, राजिम ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश साहू, पांडुका ब्लॉक अध्यक्ष सेवाराम साहू, गरियाबंद ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण यादव, छुरा ब्लॉक अध्यक्ष चमन यादव , फिंगेश्वर सर्किल प्रभारी अशोक सोनी, जामगांव सर्किल प्रभारी पुराणिक सिन्हा, वार्ड प्रभारी कल्याण यदु, बाबूलाल बंजारे, सर्किल प्रभारी, गरियाबंद वार्ड प्रभारी शम्भू धीवर, महेश यादव, आत्माराम ठाकुर, उत्तम कुमार साहू, रेखुराम साहू राम जी साहू, जुम्मन ध्रुव, ललित कुमार, महेंद्र साहू, आनंद ध्रुव, योगेश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

### राजीव भवन दंतेवाड़ा में बीएलए को दिया गया प्रशिक्षण



**दंतेवाड़ा 27 अगस्त।** राजीव भवन दंतेवाड़ा मे शनिवार को प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार बी. एल.ए कार्यकर्ताओ का हुआ प्रशिक्षण जिसमे कार्यक्रम के शुरुआत मे हमारे राष्ट्रीय पिता महात्मा गाँधी जी और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर राज्य गीत के साथ कार्यक्रम आरंभ किया गया कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अवधेश गौतम ने कहा की आज जो भी हमारे मास्टर ट्रेनर के द्वारा बताया जायेगा उसे ध्यान से सुने और अपने बूथ मे जाकर काम करे और कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान कर फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने मे भागीदार बने! जिसमे हमारे ट्रेनर सलीम रजा उस्मानी जी के द्वारा मतदाता सूची मे नाम जुड़वाने और काटने से लेकर मतदाता सूची संबधित सभी जानकरी बताई गई!साथ ही मण्डल अध्यक्ष के कार्य सेक्टर अध्यक्ष के कार्य बूथ अध्यक्ष के कार्य को भी विस्तार से अवगत कराया गया। जिसमे उपस्थित हमारे कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अवधेश गौतम , ट्रेनर सलीम रजा उस्मानी . छविन्द कर्मा . प्रदेश सचिव पूजा साव . सभी कांग्रेस कमेटी के महामंत्री. मनीष भट्टचार्य. रितेश जैन . अजय मरकाम व.सभी ब्लॉक अध्यक्ष. एवं अन्य पदाधिकारी रहे मौजूद रहे।

# महादेव एप, मुख्यमंत्री, दुर्ग-भिलाई का आपसी संबंध क्या है:महेश जैन

**नारायणपुर,27 अगस्त।** भाजपा प्रदेश मंत्री महेश जैन ने स्थानीय भाजपा कार्यालय नारायणपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि ईडी की कारवाई के बाद जितने बदहवास मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिख रहे हैं, उससे साफ समझ में आ रहा है कि इन तमाम घोटालों का किंगपिन और पॉलिटिकल मास्टर कौन है। इतने बदहवास तो मुख्यमंत्री भूपेश जी तब भी नहीं दिखे थे जब उनकी नजदीकी उप सचिव जेल गयी थी। यह बदहवासी से लगता है कि चोर की दाढ़ी में तिनका। जिस तरह से आरोपियों/अपराधियों/संदिग्धों के पक्ष में बकायदा कांग्रेस के प्रदेश और राष्ट्रीय कार्यालयों का उपयोग किया गया वह आश्चर्यजनक है।




महेश जैन ने कहा कि ईडी ने यह कार्रवाई तब शुरू की जब छत्तीसगढ़ पुलिस ने सबसे पहले महादेव बुक एप की ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की हालांकि यह भी सबको मालूम है कि यह एफआईआर असल मुजरिमों को बचाने और कार्रवाई के नाम पर लीपापोती के लिए दर्ज की गई थी इसके पहले विशाखापटनम पुलिस ने भी इस नेटवर्क के खिलाफ विस्तृत जांच की थी जिसमें इस गिरोह के काम करने के तौर तरीकों और हजारों करोड़ के बेनामी लेन-देन का भंडाफोड़ किया गया था। *सभी एफआईआर से मनी लांड्रिंग की बू आ रही थी और आईपीसी की धारा के तहत मनी लांड्रिंग की जांच राज्य पुलिस नहीं कर सकती सिर्फ केन्द्रीय एजेंसी कर सकती है। तो भूपेश बघेल को आपत्ति क्यों? आंध्रप्रदेश में भी इसी मामले में कार्रवाई को लेकर वहां के मुख्यमंत्री ने कोई हो हल्ला नहीं मचाया। अगर मुख्यमंत्री पाक-साफ होते तो न केवल ईडी की तमाम कारवाई का स्वागत करते, जांच में पूरा सहयोग करते बल्कि एजेंसी को धन्यवाद भी देते कि छत्तीसगढ़ को इस बेदर्दी से लूटने वालों पर कार्रवाई कर रही है केन्द्रीय एजेंसियां। जबकि उलटे ईडी के खिलाफ न केवल रायपुर और दिल्ली तक प्रेस कॉन्फ्रेंस आदि की जा रही है बल्कि ईडी के अधिकारियों के खिलाफ गाली-गलौज और हिंसा भी की जा रही है। जिस तरह कल भिलाई में अपना काम कर रहे अधिकारियों के खिलाफ आरोपियों के गुंडों ने हिंसा करने की कोशिश की, बल्कि गाड़ियों में तोड़-फोड़ भी किया इससे छत्तीसगढ़ बदनाम हो रहा है। कांग्रेस के नेताओं के संरक्षण में इस तरह की हिमाकत करने वालों पर कड़ी कारवाई मुख्यमंत्री को करनी चाहिए।जैन ने कहा कि जो काम कांग्रेस की स्थानीय सरकार को करनी चाहिए थी, जिस ऑनलाइन सट्टे के खिलाफ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अभियान चलाना चाहिए था, उसके उलट - जैसा कि ईडी के प्रेस रिलीज में आरोप है, शासन के उच्च स्तरीय लोग अपराधियों से वसूली में लगे थे और संरक्षण दे रहे थे। जब-जब सट्टेबाजों के खिलाफ आवाज उठायी जाती थी, तब-तब रसूखदारों के कमीशन का रेट बढ़ जाता था। ईडी की कार्यवाई छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश पुलिस दर्ज स्नढ्ढक्र की बुनियाद पर की जा रही है। और ईडी की अब तक की जाँच के मुताबिक सट्टे का यह नेटवर्क हजारो करोड़ रूपये का है। सट्टेबाजों के हौसले इतने बुलंद थे ।

# एक दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यशाला में जैव विविधता संरक्षण व संवर्धन पर दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 27 अगस्त ।** मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में जैवविविधता संरक्षण व संवर्धन का महत्व समझाने एवं जागरूकता लाने पर आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ऑडिटोरियम जावंगा गीदम में किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि सदियों से बस्तर जैव विविधता से समृद्ध विरासत का पोषक रहा है। खनिज, औषधि एवं वन से परिपूर्ण इस धरा पर आदिवासी समुदाय प्रकृति के साथ सदैव संतुलन बनाकर चले है, इसका संरक्षण व संवर्धन करना हमारा दायित्व है। श्री शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्थानीय समुदाय के पुरातन ज्ञान विज्ञान एवं संस्कृति को न केवल सहेजने बल्कि उसे देश और दुनिया के समक्ष लाने की भी आवश्यकता है। श्री शर्मा ने कहा बस्तर में विभिन्न प्रकार की जड़ीबूटी प्रचुर मात्रा में पाई जाती है। जिसके औषधि उपयोग की परंपरागत जानकारी यहाँ के वैधों को है जिसका विस्तृत उपयोग होना चाहिए। साथ ही हर ग्राम में औषधालय की स्थापना की जानी चाहिए। यहां पाये जाने वाले वनीय जड़ी-बूटी में असाध्यरोगों में भी उपचारित करने की क्षमता है, भविष्य के लिए लुप्त हो रही औषधि पौधों वनस्पतियों को बचाने हेतु स्थानीय समुदायों को इसकी बड़ेपैमाने पर खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए इसके लिए जैवविविधता प्रबंधन समितियो की बड़ी भूमिका है।



#### विभिन्न ग्रामों के वैद्य से मुलाकात

कार्यक्रम के मुख्यातिथि श्री प्रदीप शर्मा ने कार्यक्रम से पहले बस्तर के विभिन्न ग्रामों से पहुँचे वैद्य से मुलाकात कर उनके साथ अनुभव साझा किए। साथ ही उनके द्वारा विभिन्न बीमारियों में उपयोग की जाने वाली औषधि की जानकारी ली। श्री शर्मा ग्रामीण वैद्य से मिलकर अत्यधिक प्रभावित हुवे। एवं उन्हें अधिक से अधिक लोगों को अपने ज्ञान से फायदा पहुँचाने का आग्रह भी किया।

#### प्रकृति और मनुष्य एक दूसरे के पूरक: चतुर्वेदी

जैव विविधता संरक्षण व जागरूकता कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम को संबोधित कर्ट्स हुवे पूर्व वन बल प्रमुख एवं वर्तमान अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड श्री राकेश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रकृति और मनुष्य के बीच अटूट सम्बन्ध के निर्वहन का पाठ बस्तर सेसीखना चाहिए। हमारे प्राचीन वेदों पुराणों एवं संस्कृति में नदी पर्वत एवं वनों की पूजा का विधान है। जो प्रकृति और हमारे बीच सुदृढ़ सम्बन्ध और सामंजस्य का परिचायक है। परन्तु प्रकृति के अवैज्ञानिक विदोहन से यह सामंजस्य अब खतरे में है जो ग्लोबलवार्मिंग के रूप में मानव जाति के समक्ष है, और अभी भी अगर हम सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ी को इसका खामियाजा भूगतना पड़ेगा। साथ ही श्री चतुर्वेदी ने कहा कि मनुष्य और प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा जैवविविधता बोर्ड का उद्देश्य है कि भविष्य में जैवविविधता के संरक्षण और संवर्धन के कार्यों का विस्तार कर इस दिशा में किए जाने वाले अन्य प्रयासों में युवाओं को प्रेरित करें साथ ही बोर्ड का यह भी लक्ष्य कि स्थानीय समुदाय के बड़े वर्ग उससे लाभान्वित हो इसके साथ ही उन्होंने शासन द्वारा इस दिशा में किए जाने वाले प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि शासन की नरवा गरवा घुरवाबाडी योजना भी स्थानीय संसाधनों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मूर्त रूप देने का एक अंग है और इसके सकारात्मक प्रभाव सभी के सामने है साथ ही शासन द्वारा अब वनोपजखरीदी में पूर्व से बढ़ाकर 65 प्रकार के वनोपजों को शामिल किया गया है जिसका सीधा लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा।

#### वैज्ञानिकों ने समझाए फायदे

कार्यशाला के दौरान कृषि महाविद्यालय के डीन डॉक्टर आरएस नेताम, वैज्ञानिक डॉक्टर अश्विनी ठाकुर, वैज्ञानिक डॉक्टर रोशन बंजारे ने कार्याक्रम को संबोधित करते हुवे कहा कि जैव विविधता पृथ्वी पर जीवन की विविधता और परिवर्तनशीलता है। जैव विविधता आनुवंशिक (आनुवंशिक परिवर्तनशीलता), प्रजाति (प्रजाति विविधता), और पारितन्त्र (पारितान्त्रिक वैविध्य) स्तर पर भिन्नता का एक माप है। जैव विविधता वन्य जीवन और कृषि फसल प्रजातियों में अत्यधिक समृद्ध है, रूप और कार्य में विविध है किन्तु अन्तर्नैभर्यो के कई संजालों के माध्यम से एक तन्त्र में सुक्ष्म रूप में एकीकृत है। इसके पूर्व आगंतुक अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरूआत में मां दंतेश्वरी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माला अर्पण किया। कार्यशाला के दौरान 1000 से अधिक जेएफएम के अध्यक्ष/सचिव, सदस्य एवं वन विभाग कबअधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुवे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री प्रदीप शर्मा, सलाहकार, माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, विशिष्ट अतिथि श्री राकेश चतुर्वेदी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड, श्री प्रभात मिश्रा, सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड, युवा मितान अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर, मुख्य वन संरक्षक मो. शाहिद, मुख्य वन संरक्षक राजेश डॉक्टर अश्विनी ठाकुर, वैज्ञानिक डॉक्टर रोशन बंजारे, वन विभाग अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित हुवे।

## समाचार संक्षेप

### कवासी लखमा से जगरगुंडा के ग्रामीणों की सौजन्य भेट मुलाकात



**सुकमा, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्रामवासियों ने अपने समस्याओं से माननीय मंत्री जी को अवगत कराते हुए कहा हमारे गांव में मोबाइल नेटवर्क टॉवर न होने के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिजली खंभा और तार लग चुकी है लेकिन अभी तक कनेक्शन नही लग पाया है, इसके साथ ही हमारे यहां बैंक की जरूरत है। विभिन्न बातों को मंत्री जी के समक्ष अवगत कराया गया जिसे मंत्री कवासी लखमा जी के द्वारा तत्काल कार्यवाही कर्तव्य हुए बिजली कनेक्शन के लिए सक्षम अधिकारी को आदेशित कर बिजली कनेक्शन जल्द से जल्द लगाने का आदेश दिया गया। तहसील की मांग पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे आपके गांव में तहसील ऑफिस जरूर खोला जाएगा। साथ ही मोबाइल टॉवर लगवाने के आश्वासन माननीय मंत्री जी ने दिया।

उन्होंने ग्रामीणों का कुशलक्षेम जाना साथ ही चर्चा भी किये -इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती महेश्वरी बघेल जी, जगरगुंडा ब्लॉक अध्यक्ष अदम्मा मरकाम, योग आयोग सदस्य राजेश नारा, पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसी, सम्मानीय कार्यकर्तागण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### मतदाता महोत्सव प्रदर्शनी में पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार

**सुकमा, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने राजधानी रायपुर स्थित बूढ़ापारा तालाब परिसर में 'मतदाता महोत्सव प्रदर्शनी, चिन्हारी लोकतंत्र के' का फीता काटकर शुभारंभ किया।



उन्होंने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। प्रदेश के अलग-अलग जिलों, विशेषकर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों से जुड़े जिलों द्वारा यहां स्टॉल लगाया गया है, इन स्टॉलों में अब तक के वर्षों में हुए वोटिंग की झलकियां तस्वीरों के माध्यम से और विभिन्न जिलों में मतदाता जागरूकता के लिए चलाए गए अभियानों को भी दर्शाया गया है। सुकमा जिले द्वारा लगाए गए स्टाल में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत चुनाव अभियानों की प्रदर्शनी लगाई गई है। जिनमें अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान वोट पंडूम नेवता, मतदाता शपथ कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता एवं ईवीएम रथ प्रदर्शन, वाद-विवाद, चित्रकला एवं नारा लेखन प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, नवविवाहित सम्मान कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली चित्रकला को प्रदर्शित किया गया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान सुकमा जिले में हो रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान की सराहना की। प्रदर्शनी में बिलासपुर, रायपुर, बस्तर, सुकमा, जांजगीर-चांपा, बलरामपुर, कबीरधाम, सारंगढ़, बालोद जैसे जिलों द्वारा स्टाल लगाया गया है। मतदाता महोत्सव प्रदर्शनी, चिन्हारी लोकतंत्र के शुभारंभ के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त श्री अनूप चंद्र पांडेय, निर्वाचन आयुक्त श्री अरूण गोयल और सुकमा जिले से आशीष राम सहायक जिला समन्वयक जिला शिक्षा व विशेष तैयारी में संजय पांडे संचालक समाज कल्याण विभाग, सुकमा प्रफुल्ल डेनियल सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी, गजेंद्र देशमुख, डमरू बाकड़े उपस्थित थे।

### सामाजिक जनगणना फॉर्म अंदकुरी में किया गया जमा

**कोण्डागांव, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समस्त मंडल से सामाजिक जनगणना फॉर्म भरकर जिला स्तरीय बैठक रखकर दिनांक 26 अगस्त 2023 दिन शनिवार को अंदकुरी गांडा समाज जिला कोंडागांव के ब्लॉक फरसगाँव में सामाजिक जनगणना फार्म को जमा किया गया, अंदकुरी गांडा समाज समन्वय समिति जिला कोंडागांव के द्वारा अपने समाज की जनसंख्या को जानने के लिए सामाजिक जनगणना फॉर्म समस्त मंडल स्तर में वितरित कर समस्त अपने समाज के लोगों को जनगणना फॉर्म भरे जाने हेतु एक महीना पूर्व ही सूचित किया गया था । अपने-अपने मंडल से पूरे जिले के अंदकुरी गांडा समाज मंडल को उसका दायित्व दिया गया था । उस दायित्व का निर्वहन कर उसे मंडल से ब्लॉक स्तर ब्लॉक से जिला स्तर बैठक रखकर सामाजिक जनगणना फॉर्म को जमा किया गया। आज तक इस जिला में ऐसा नहीं हुआ था कि कोई भी समाज अपने लोगों की जनसंख्या को जाने परंतु आज अंदकुरी गांडा समाज अपने समाज में कितने लोग निवास रत हैं उसका जानकारी हासिल कर अपने प्रांतीय कमेटी को सौंप रहे हैं। इस बैठक में प्रांतीय सचिव श्री अनिल कोर्राम, जिला अध्यक्ष श्री करन कोर्राम, जिला सचिव बुधमन कुलदीप, युवा जिला अध्यक्ष श्री वीरेंद्र बघेल, प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य, जिला कार्यकारणी सदस्य, सातों ब्लॉक के अध्यक्ष वरिष्ठ प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

### कंग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर युवाओं ने संसदीय सचिव के समक्ष किया कांग्रेस प्रवेश

**महासमुंद।** कांग्रेस की नीतियों व क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर ग्राम बनपचरी के युवाओं ने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कांग्रेस प्रवेश करने वालों सभी युवाओं का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। ग्राम बनपचरी के युवाओं ने हनी चंद्राकर के नेतृत्व में संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान युवाओं ने कांग्रेस की नीतियों व क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश की इच्छा जताई। बाद इसके उद्धव नेताम, देवनारायण ध्रुव, नवीन उइके, लोकेश विश्वकर्मा, वेदप्रकाश ध्रुव, इथलेश ध्रुव, चंद्रनारायण ध्रुव, मोरध्वज ध्रुव, टुकेश्वर ध्रुव, प्यारेलाल, देव कुमार, नीलकंठ ध्रुव, उमाशंकर ध्रुव, यशकुमार ध्रुव, नेहरू ध्रुव, लोकनाथ ध्रुव, दामोदर ध्रुव, रंजन कुंभकार आदि ने कांग्रेस प्रवेश किया। कांग्रेस प्रवेश करने वाले सभी युवाओं का संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार से भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार कार्य कर रही है। उससे छत्तीसगढ़ की जनता का समुचित विकास हो रहा है। जिससे लोग स्वस्फूर्त होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में रविवार को होगी गंगा आरती-सावन महीने के पावन पर्व पर रविवार को बम्हनी से जल लेकर सिरपुर के गंधेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा। शाम को भव्य गंगा आरती होगी। कांवड़ यात्रा का बम्हनी, परसट्टी, बरोंडाबाजार, मचेवा, शास्त्री-चौक, बरोड़ाचौक, जनपद पंचायत, नगर पालिका,कांग्रेस भवन, ओवरब्रिज, एकताचौक, बेमचा, परसदा, कौंदकेरा, गांडाघाट, तुमगांव, भोरिंग, जोबा, गढ़शिवनी, पीढ़ी, मोहकम, खड़सा, सेनकपाट, सिरपुर में स्वागत किया जाएगा। बाद इसके शाम को भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया है।

## एक नजर

### जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र को करता है मजबूत



**खरसिया,27 अगस्त।** ग्राम बरगढ़ के मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जा जाकर मतदाता जागरुक कर रहे हैं रायगढ़ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम बरगढ़ के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कमला डनसेना एवं मितानिन गुड्डी बाई राठिया द्वारा ग्राम बरगढ़ में घर-घर जा जाकर मतदाता जागरूक अपील पत्र देकर मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व के महत्व को बताया और अपने अधिकार को बताया जिससे हर मतदाता अपने लोकतंत्र को मजबूत करने में सहभागी बने वोटर आईडी संबंधित जानकारी नाम जुड़वाना नाम कटवाना यह नया वोटिंग लिस्ट में नाम जुड़वाना समस्त जानकारी मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा दी जा रही है और अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं इससे आपको वोट संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएगी।

### जोगपाल के बच्चों ने फौजी भाइयों व पेड़-पौधों के साथ मनाई राखी



**पत्थलगांव, 27 अगस्त।** राखी का त्यौहार नजदीक आते ही बच्चो द्वारा अलग-अलग प्रकार से इसे मनाया जा रहा है। दिन शनिवार को यहा के जोगपाल पब्लिक स्कूल के प्री प्राइमरी बच्चों ने भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षा बंधन के अवसर पर अपने फौजी भाईयों के कलाई पर व पेड़ पौधों को राखी बांधकर उनके लिए मंगलकामना की। भाईयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा करने का संकल्प दोहराया। विद्यालय परिसर में सुबह से बच्चे नवीन परिधानों में सजधजकर थाल में रंग-बिरंगी राखियों के साथ मिठाई और तिलक लगाने के लिए चंदन लिए भाईयों की कलाई में राखी बांधने को तैयार थे। भाई हमारे परिवार और देश की रक्षा करते हैं इसी को ध्यान में रखते हुए प्री प्राइमरी के बच्चों ने इंडियन आर्मी के जवानों को राखी बांधी। पेड़ पौधों से हमारा जीवन चलता है उनके बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते, इसलिए बच्चों ने पेड़ पौधों को भी राखी बांधी। शिक्षिकाओं ने बच्चों को राखी बांधी। स्कूल के एडमिनिस्ट्रेटर मनजोत सिंह भाटिया ने बच्चो को राखी का महत्त्व बताते हुए कहा कि फौजी भाई और पेड़ पौधों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है।

### किडनी के मरीजों के लिए जिला अस्पताल में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा

**महासमुंद।** ज़िले में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। जिला चिकित्सालय में डायलिसिस की सुविधा विकसित कर ली गई है। इससे किडनी रोगों से पीड़ितों को अब जिला मुख्यालय में ही निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिल रही है। ज़िले के दूरस्थ अंचलों के मरीजों को अब डायलिसिस के लिए बड़े शहरों का रूख नहीं करना पड़ रहा है। किडनी संबंधी रोग से ग्रस्त मरीज को लंबे समय तक बार-बार डायलिसिस कराना पड़ता है। इससे उन पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ता है। स्थानीय स्तर पर ही निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिलने से अब इसके मरीजों को बड़ी राहत मिली है। दूरस्थ अंचलों के मरीजों की भी जिले में ही डायलिसिस हो रही है। मरीजों व उनके परिजनों के श्रम, धन और समय की भी बचत हो रही। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम 'जीवन धारा' ज़िला चिकित्सालय महासमुन्द में निःशुल्क डायलिसिस यूनिट का संचालन किया जा रहा है, गरीबों को निःशुल्क डायलिसिस सेवाएं प्रदान की जा रही है। किडनी रोगों से जूझ रहे मरीजों को राहत मिल रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत डायलिसिस के मरीजों का निःशुल्क डायलिसिस सेवा प्रदाय की जा रही है। जिससे डायलिसिस के मरीजों को डायलिसिस के लिए अन्य निजी अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। उन्होंने बताया कि अब तक किडनी की बीमारी से पीड़ित 150 से अधिक मरीजों ने इसका लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि ज़िला चिकित्सालय में तीन पाली में डायलिसिस यूनिट संचालित किया जा रहा है।

### सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल में रक्षा बंधन के उपलक्ष्य में किया गया आयोजन

# प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह से बनाई एक से एक सुंदर राखी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 27 अगस्त।** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चो के लिए राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राखी प्रतियोगिता का मुख्य उद्देष्य बच्चों की सृजनात्मकता एवं आंतरिक गुणों को निखारने एवं राखी के महत्व को समझाना था,इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता उप प्राचाय फा.सिलास टोप्पो द्वारा किया जा रहा था,राखी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि यहा के बी.आर.सी.सी वेदानन्द आर्या,विशिष्ट अतिथी समन्वयक धनु राम यादव थे। अतिथियों ने बच्चो द्वारा बनायी गयी सुन्दर राखी देखकर उनकी खूब सराहना की,इस राखी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने धान, चावल, ऊन, कलर पेपर, मोती, दाल, बीज आदि वस्तुओं का प्रयोगकर सर्जनात्मक, आकर्षक और सुन्दर राखी बनाकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को उजागर किया। प्रतियोगिता के निर्णायक दल में शिक्षिका प्रमिला कुजूर, अंजू केरकेट्टा, मंजुलता पटनायक, और शिक्षक बेरनट लकड़ा उपस्थित थे,जिन्होंने राखी प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य फा. सुनील खलखो ने विद्यार्थियों के आकर्षक,प्रेरणादायक एवं मनमोहक राखी को देखकर कहा कि यह त्यौहार भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है,और यह भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत बनाता है,सभी राखियां सराहनीय और प्रेरणादायक हैं,जो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को परिलक्षित करती हैं। उन्होंने इस पवित्र रिश्ते को बनाये रखने का शुभ संदेश दिया।

### बच्चों के बीच राखी प्रतियोगिता



**पत्थलगांव।** यहां के एन.एफएस स्कूल मे एक दिन पूर्व फैंसी ड्रेस व सोलो डांस की प्रतियोगिता रखी गयी थी,जिसमे स्कूली बच्चो ने बढचढ कर हिस्सा लिया। नीरज फांउडेशन स्कूल की डायरेक्टर श्रीमति हरनीश कौर भाटिया ने बताया कि स्कूली बच्चो के बीच दो प्रतियोगितायें आयोजित की गयी थी,जिसमे छोटे बच्चो के उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चो द्वारा दोनो ही प्रतियोगिता को सफल बनाया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता मे बच्चे ज्यादातर दारा सिंह के परिवेश मे नजर आये। उनका कहना था कि बच्चो के बीच ऐसी प्रतियोगितायें आयोजित कराने से उनका मन पढाई मे भी लगा रहता है।।

# बाजार व्यवस्थित करने आए कर्मियों से हुज्जत करने पर की जा रही कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 27 अगस्त।** पत्थलगांव डेली सब्जी मार्केट में फैले अव्यवस्था को लेकर लगातार शिकायत के बाद नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा बाजार को व्यवस्थित कराने के दौरान कर्मचारियों के साथ सब्जी व्यवसायी द्वारा हुज्जतबाजी के मामले में कर्मचारियों की शिकायत पर पत्थलगांव पुलिस ने धारा 151 के तहत प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक़ नगर पंचायत को बीते दिनों शिकायत मिली थी की पत्थलगांव सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओ द्वारा भारी अव्यवस्था का आलम फैलाते हुवे उनको आबंटित शेड को गोदाम में उपयोग कर सड़क किनारे सब्जी फैलाकर व्यवसाय किये जाने की शिकायत पर नगर पंचायत सी एम ओ प्रभाकर शुक्ला , आर आई रामप्रसाद यादव, सफाई दरोगा रेवा यादव ,राजू समेत अन्य कर्मचारी जब मंडी में पहुंचकर सडक में अतिक्रमण हटाने एव दुकानों को व्यवस्थित कराया जा रहा था तभी एक दुकानदार द्वारा उनके साथ हुज्जतबाजी शुरू कर दी,जिसके बाद वहा अफरा तफरी का माहौल बन गया। सी.एम.ओ की शिकायत पर सम्बन्धित युवक पर पत्थलगांव पुलिस ने प्रतिबन्धात्मक कारवाई करनी शुरू कर दी है,विदित हो की सब्जी मंडी को व्यवस्थित करने नगर पंचायत की टीम ने सब्जी मंडी का मुआयना किया। इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारियों को सब्जी व्यापारियों द्वारा किए गए अवैध कब्जे हटवाने के निर्देश दिए,वहीं मंडी परिसर की साफ-सफाई कर पानी निकासी की व्यवस्था दुरूस्त किया जा रहा है। गौरतलब हो सब्जी मंडी में पर्याप्त शेड एव जगह होने के बावजूद अवेध कब्जे और अतिक्रमण की वजह से गाँव गाँव से आने वाले सब्जी के किसानो को सड़क में भी अपने सब्जी बेचने के लिए जगह नहीं मिल पाती जिसकी वजह से वे दर दर भटक कर अपनी सब्जी को बेचते नजर आते है।

### जनपद पंचायत सभाकक्ष सारंगढ़ में होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**रायगढ़, 27 अगस्त।** निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 28 अगस्त 2023 को प्रातः 10 बजे, स्थान-जनपद पंचायत सभाकक्ष सारंगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें दो नियोजक के माध्यम से लगभग 325 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि मे.वेदांता स्किल स्कूल बालको, कोरबा में वेल्डर एवं फिटर में पुरूष वर्गो के लिए 50-50 पद रिक्त है। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 8 एवं 10 वीं उत्तीर्ण जरूरी है। इसी तरह होटल प्रबंधन में 10 वीं उत्तीर्ण महिला एवं पुरूष दोनों वर्ग के लिए 50 पद, सिलाई मशीन ऑपरेटर में 8 वीं उत्तीर्ण महिला एवं पुरूष दोनों वर्ग के लिए 50 पद, इलेक्ट्रीशियन में 10 वीं उत्तीर्ण पुरूष वर्ग के लिए 50 पद एवं सोलर टेक्नीशियन में आईटीआई उत्तीर्ण पुरूष वर्ग के लिए 50 पद रिक्त है।

### पानी में डूबने से मानसिंह भोय की असामयिक मृत्यु


**रायगढ़, 27 अगस्त।** तहसील पुसौर के ग्राम-तेतला निवासी मानसिंह भोय की 16 अप्रैल 2022 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात एसडीएम रायगढ़ द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के अनुसार मृतक की पुत्री माला भोय को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### चक्रधर समारोह:कलाकार चयन समिति की बैठक 28 को

**रायगढ़, 27 अगस्त।** 38 वां चक्रधर समारोह-2023 का आयोजन 19 से 21 सितम्बर 2023 तक नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट, रायगढ़ में किया जाएगा। चक्रधर समारोह में कलाकारों को आमंत्रित/शामिल किए जाने हेतु अध्यक्ष कलाकार चयन समिति की अध्यक्षता में जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में 28 अगस्त 2023 को सायं 5 बजे बैठक आहूत की गई है।

# विलुप्त होती हस्तकला के संरक्षण के लिए पीएम को लिखा पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव,27 अगस्त।** पेंटर चित्रकार कल्याण संघ ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में स्थान देने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम भारतीय डाक के माध्यम से पत्र पोस्ट किया है। चित्रकारों की विलुप्त होती हस्तकला के संरक्षण के लिए सरकार लगातार प्रतिबद्ध है, केंद्र सरकार द्वारा अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत स्किल ट्रेनिंग, टेक्नोलॉजी और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर देशभर में मौजूद कारीगरों और शिल्पकारों की क्षमताओं को बढ़ाना है एवं उनके जीवन में बदलाव लाने की सोच के अनुरूप यह योजना शुरू की गई है। वहीं छत्तीसगढ़ पेंटर चित्रकार कल्याण संघ से पत्थलगांव के ब्लॉक अध्यक्ष कपिल साय सिदार ने प्रधानमंत्री को पत्र पोस्ट किया है। पोस्ट किए गए पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि संपूर्ण भारत के ग्राम कस्बा शहरों में एक बड़ा तबका में पेंटर चित्रकार कलाकार निवासरत हैं,जो विभिन्न शासकीय और गैर शासकीय जनहित योजनाओं को दीवार लेखन,पेंटिंग,चित्रकला के माध्यम से प्रचारदृप्रसार कर जन जागरूकता का कार्य करते हैं फ्लेक्स एवं डिजिटल प्रिंटिंग के प्रचलन से पेंटर चित्रकारों को काम का अभाव हो गया है जिसमें उनसे जुड़े लाखों परिवारों का भरण पोषण कठिन होता जा रहा है। संघ द्वारा पत्र में निवेदन किया गया है कि विलुप्त होती हस्तकला का संरक्षण और संवर्धन हेतु पेंटर चित्रकार कलाकारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में स्थान देकर योजना का लाभ देने की बात कही है।।

# पुलिस ने सायबर अपराध और ठगी से बचाव के लिए लोगों को किया जागरूक



**फिगेंश्वर,27 अगस्त।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गरियाबंद अमित तुकाराम काम्बले के निर्देशन पर अतिश्र पुलिस अधीक्षक देवचरण पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में जिला गरियाबंद में सायबर अपराध को रोकने हेतु थाना फिंगेश्वर के बस स्टैण्ड में सायबर अपराध से होने वाले ठगी को रोकने हेतु जन जागरुकता कार्यक्रम का शुरूआत किया गया इस कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद पुष्पेन्द्र नायक एवं निरीक्षक कृष्णा प्रसाद थाना प्रभारी फिंगेश्वर व स्टाफ और व्यापारी संघ के सदस्य, आम नागरिक उपस्थित रहे इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद के द्वारा आम नागरिको को सायबर अपराध से होने से वाली ठगी, एवं उनसे बचने के उपाय बताकर मौके में उपस्थित लोगों को सायबर अपराध में ठग के द्वारा झांसा कैसे दिया जाता है? क्या न करे? क्या करे? के संबंध में सायबर अपराध गांव-गांव म के शीर्षक से पाप्लेट के माध्यम से अखिल भारतीय सायबर क्राईम नंबर एवं थाना फिंगेश्वर के अधिकारी कर्मचारी का मोबाईल नम्बर में सायबर अपराध होने पर तत्काल सूचित करने व प्रचार प्रसार हेतु जारी किया गया। फिंगेश्वर क्षेत्र के व्यापारी संघ सदस्यों के दुकानों में चस्पा कर एवं आम नागरिको को क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कर सायबर अपराधः को रोकने में अपना योगदान देने कहा गया।

# राजिम विधानसभा सीट से सर्व आदिवासी समाज अपना उम्मीदवार खड़ा करेगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम (फिंगेश्वर),27 अगस्त।** सर्व आदिवासी समाज ब्लाक/तहसील फिंगेश्वर के निर्देशानुसार 25 अगस्त दिन शुक्रवार को समय 12 बजे सामुदायिक भवन बावाकूपी आश्रम में बैठक आहूत किया गया। बैठक में सभी आदिवासी समाज प्रमुख सगा सियान सर्कल पदाधिकारी की उपस्थिति रही। सर्वप्रथम समाज के आराध्यदेव बूढ़ादेव, मां दंतेश्वरी की जय जयकारो के बीच आज के बैठक की प्रमुख बिंदु जैसे राजिम विधानसभा चुनाव को लेकर था, और 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में आय व्यय की जानकारी के संबंध में था। उपस्थित समाज प्रमुख द्वारा यह कहा गया की राजिम विधानसभा चुनाव में विधायक पद की दावेदारी आदिवासी समाज का ही उम्मीदवार हो जिसका भरपूर समर्थन मिला। ज्ञात हो की सर्व आदिवासी 16 से 17 आदिवासी समाज प्रमुखों की एक टीम बनाकर राजिम विधानसभा के अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायत के पदाधिकारी को साथ लेकर इस उद्देश्य को सफल बनाने के संबंध में चर्चा किया गया जिसका सार छुरा ब्लाक सर्व आदिवासी समाज, सर्व आदिवासी समाज राजिम राज, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद गरियाबंद के सभी आदिवासी समाज के पदाधिकारी, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभी सदस्य से चर्चा कर राजिम विधानसभा चुनाव में विधायक पद की दावेदारी के लिए उम्मीदवारों की सूची का चयन किया जाएगा। सर्व आदिवासी समाज ब्लाक तहसील फिंगेश्वर ने चुनावी बिगुल फूंक दिया है अबकी बार, आदिवासी विधायक और आदिवासी की सरकार बनना तय है। विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल अपनी अपनी दावेदारी ठोक रही है चुनावी दंगल शुरू हो गया है चाहे किसी भी पार्टी का हो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हो या कांग्रेस पार्टी की, या आम आदमी की पार्टी हो या अन्य पार्टी हो जिस प्रकार से पार्टी के कार्यकर्ताओ ने नामांकन दाखिल करने में जो जोश रुचि दिखा रहे है उससे लगता है की इस बार विधानसभा चुनाव में भारी हलचल होने वाला है। इसी कड़ी में इस बार इस देख के मालिक मूलनिवासी आदिवासी सगा समाज से आदिवासी विधायक प्रत्याशी लेकर मैदान में उतरने की तैयारी जोर शोर से शुरू कर दी है आदिवासियो के हक और सम्मान को हासिल करने के खातिर इस दांव को खेला जा रहा है राजिम विधानसभा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और जिस प्रकार से छोटे बड़े कार्यक्रम आयोजनों में जो संख्या बल एकता दिख रही है उससे अंदाजा लगाया जा सकता है की इस बार आदिवासी विधायक और आदिवासियो की सरकार जरूर बनेगी।इस दौरान उपस्थित द्वारिका ठाकुर अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज फिंगेश्वर, गंगाराम नेताम संरक्षक, संतूराम ध्रुव संरक्षक, तोरण ध्रुव राजिम राज, सियाराम ध्रुव उपाध्यक्ष, आनंद मरई सलाहकार, परदेशी राम ध्रुव संरक्षक, नाथूराम कश्यप संरक्षक, दिलीप ध्रुव कोषाध्यक्ष, नरेश कुमार ध्रुव सचिव, खोमन ध्रुव, कमलेश कश्यप, रामेंद्र ध्रुव, लक्ष्मीनारायण कश्यप, रमेश कश्यप, संतराम मरकाम, डाकेश्वर ध्रुव समस्त आदिवासी समाज के पदाधिकारीओ की उपस्थिति रही।

## समाचार संक्षेप

### बटालियन के जवान ने रक्त देकर फिर बचाई आदिवासी महिला की जान



**बीजापुर, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 229 छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बीजापुर में स्थित गाँव-दोरनापाल, (सुकमा) की निवासी एक आदिवासी महिला श्रीमती सीमा माडवी पत्नी रमेश माडवी उम्र-26 वर्ष जोकि गर्भावस्था में है, उसके ऑपरेशन हेतु दिनांक 25/08/2023 को तत्काल रक्त की आवश्यकता थी जिससे कि उक्त आदिवासी महिला की रक्त की कमी को पूरा कर ऑपरेशन किया जा सके। सिविल अस्पताल बीजापुर एवं आदिवासी महिला के पति रमेश माडवी से उपरोक्त सूचना के प्राप्त होते ही श्री पुष्पेन्द्र कुमार, कमाण्डेंट 229 बटालियन ने वाहिनी के चिकित्सा अधिकारी को बीजापुर जिला सिविल अस्पताल में सम्पर्क करने का आदेश दिया जिसके उपरान्त इस वाहिनी के हव0/मंत्रा0 राम निवास एवं गौरव कुमार द्वारा जिला अस्पताल बीजापुर में उपरोक्त आदिवासी महिला को रक्तदान कर उसके ऑपेरेशन को सफल किया। रक्तदान के पश्चात् जिला अस्पताल द्वारा रक्तदाता हव0/मंत्रा0 राम निवास एवं गौरव कुमार को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। आदिवासी महिला सीमा माडवी एवं उनके परिवार ने इस महान कार्य के लिए 229 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को आभार व्यक्त किया । इससे पूर्व में भी 229 वाहिनी के अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा रक्तदान कर कई आदिवासी भाइयों व उनके परिवारजनों की जान बचाने का कार्य किया गया है। भविष्य में भी 229 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल इस प्रकार के मानवता के कार्य करने के लिए सदैव तत्पर एवं प्रतिबद्ध है।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय उचित मूल्य दुकान फरसेगढ़ के संचालक दिनाक 01 जून 2023 को सरपंच ध् सचिव एवं ग्रामीणों को बिना किसी सूचना के दुकान को बंद रखे जाने कारण खाद्य सामग्री लेने आये ग्रामीणों को अकारण ही परेशानियों का सामना करना पड़ा। संचालक को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया किन्तु संचालक द्वारा नोटिस के जवाब में कोई समाधानकारक उत्तर नहीं देने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए शासकीय उचित मुल्य दुकान ग्राम पंचायत रानीबोदली में आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से संलग्न किया गया। जिसे निरस्त करते हुए ग्रामीणों के सहज सुविधा हेतु पुनः आवेदन आमंत्रित कर योग्य एजेंसी को शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटन किया जाना है।अतएवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली ;नियंत्रणद्ध आदेश 2016 के निहीत प्रावधानों के अनुसार अनुभाग भैरमगढ़ के अन्तर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान फरसेगढ़ को पुनः आबंटित किया जाना है। शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन हेतु इच्छुक एजेन्सी यथा वृहताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समितियां ;लेम्पस, ग्राम पंचायत महिला स्व सहायता समूह, वन सुरक्षा समिति अन्य सहकारी समिति, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट सार्वजनिक उपक्रम एवं प्राथमिक साख समितियों से आवेदन पत्र दिनांक 06 सितम्बर 2023 सांय 5 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

### निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

**बीजापुर, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 के तहत् विशेष शिविर के दौरान मतदान केन्द्रों में दावा आपत्ति, दिव्यांग मतदाताओं का चिन्हांकन नहीं होने के कारण तहसील क्षेत्र बूथलेबल अधिकारी एवं अविहित अधिकारी के द्वारा दावा आपत्ति ;फार्म 6,7,8 में प्रगति नहीं होने के कारण साथ ही दिव्यांग मतदाताओं का मार्किंग नहीं होने से बीजापुर जिले के समस्त तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही बरतने से श्री राजेन्द्र कुमार कटारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बीजापुर द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए दिये गये दायित्वों का निर्वहन करने में अरूची एवं लापरवाही बतरने वाले अधिकारियों को छ0ग0 सिविल आचरण नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत होने के साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 एवं 1951 के तहत कार्यवाही किये जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी कर 03 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया।

### भारत मेरे साथ विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**बीजापुर, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इसाफ़ स्माल फायनेन्स बैंक, दुर्ग द्वारा 25 अगस्त,2023 को राष्ट्रीय स्तर पर चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें महावीर जैन विद्यालय, शिक्षक नगर, दुर्ग के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और कौशल को सामने लाने के लिए उत्सुकता से भाग लिया। इस आयोजन में इसाफ़ बैंक द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इस प्रतियोगित में सभी वर्गों के चित्र, राष्ट्रीय स्तर पर चयन हेतु भेजे जाएंगे। इस प्रतियोगिता को दो कैटेगरी, जूनियर (कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थी) तथा सीनियर (कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थी) में विभाजित किया गया था। कलरिफाई स्टोरीज़ विथ कलर्स 2023 सीज़न 2, 14 अगस्त से 15 सितम्बर 2023 तक संपन्न किया जाना है। स्कूल की ओर से (प्राचार्या) सुश्री प्रभा वर्मा, (एच आर) श्री पारस जैन, श्री प्रशांत जोशी, सुश्री प्रज्ञा जैन, सुश्री रश्मि श्रीवास्तव एवं इसाफ़ बैंक की ओर से (ब्रांच मैनेजर) सुश्री मोनिका देवांगन, (असिस्टेन्ट मैनेजर) सुश्री नूपुर ढोके एवं श्री सौरभ पाटणकर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का योगदान रहा।

### मतदाता जागरूकता के लिए 'इंडस्ट्रियल कैप्टन' की निर्वाचन आयोग ने की सराहना

**रायगढ़, 27 अगस्त।** आगामी निर्वाचन के मद्देनजर मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कई गतिविधियां चलाई जा रही हैं। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव सिंह, आयुक्त द्वय श्री अनूप चंद्र पांडेय व श्री अरुण गोयल सहित भारत निर्वाचन आयोग के सभी प्रमुख अधिकारी 24 से 26 अगस्त तक तीन दिन के छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। यहां उन्होंने आगामी निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा के साथ स्वीप कार्यक्रम पर आधारित जिलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पूरे प्रदेश में स्वीप की उत्कृष्ट गतिविधियां कर रहे 6 जिलों ने यहां प्रदर्शनी लगाई। रायगढ़ जिले की प्रदर्शनी भी इसमें शामिल रही ।

# तुरतुरिया में पिकनिक मनाने पहुंचे पर्यटक फैला रहे गंदगी

- खुलेआम दी जारी पशुओं की बलि, नशेबाजों के उत्पात से भी परेशानी
- तत्काल पुलिस चौकी खोलने की मांग, कुछ दिनों पूर्व नशेड़ियों ने कांच की बोतल से वनकर्मी पर किया था हमला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**कसडोल, 27 अगस्त।** बलौदाबाजार जिला के कसडोल नगर से मात्र 18 किलोमीटर की दूरी पर वन ग्राम तुरतुरिया है। राम वन गमन पथ में विकासखंड कसडोल के तुरतुरिया को लव- कुश की जन्मस्थली मानकर विकसित किया जा रहा है। वही असामाजिक तत्वों द्वारा पहाड़ी में विराजित मां मातागढ़ वाली देवी को मनौती के नाम पर बलि देने व पिकनिक मनाने प्रतिदिन पहुंच रहे सैलानियों द्वारा बकरा की बलि चढ़ा कर मांस, मदिरा का सेवन कर इस पवित्र धार्मिक स्थल को न केवल गंदा किया जा रहा है बल्कि शराब के नशे में आए दिन लड़ाई झगड़ा कर शांत माहौल को अशांत करने की कोशिश की जा रही है।

जिससे परिवार सहित देवी मां के दर्शन के लिए आए हुए लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। कुछ वर्ष पूर्व जागरूक नागरिकों व प्रबुद्ध जनों की शिकायत पर तत्कालीन बलौदाबाजार कलेक्टर राजेश सिंह राणा ने धर्म की आड़ लेकर खुलेआम मांसाहार और शराब के सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया था परंतु उनके स्थानांतरण के पश्चात आदेश को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका। आने वाले दिनों में तुरतुरिया इतना अशांत क्षेत्र हो जायेगा कि सामान्य लोग तुरतुरिया देवी दर्शन करने जाने से पहले, एक बार उन्हे सोचना पड़ेगा। तुरतुरिया मंदिर क्षेत्र से सटा हुआ अभ्यारण का प्रतिबंधित वन क्षेत्र है जहां तथाकथित बकरा की बली के नाम पर पिकनिक मनाए, आए लोगों द्वारा जगह-जगह मांस, हड्डी तथा बचा हुआ खाना फेंक देने के कारण आसपास के गांवों के कुत्तों का जमावड़ा भी लगाता है जो अभ्यारण क्षेत्र में विचरण कर रहे वन्य जीव व प्राणियों के लिए घातक है। अनेकों बार कुत्तों ने हिरनों को अपना शिकार भी बनाया है। कुछ दिनों पूर्व बलौदाबाजार से आए छह-सात नवयुवकों ने तुरतुरिया में माचिस मांगने पर, नहीं देने पर एक वन कर्मी के सिर पर बीयर की बोतल मार का फेड़ दिया था जिसे गंभीर रूप से घायल अवस्था में कसडोल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### धार्मिक आस्था का केंद्र है तुरतुरिया

विदित हो कि तुरतुरिया हिंदुओं की धार्मिक आस्था का केंद्र है। ऐसी मान्यता है कि जिन पति-पत्नी की संतान नहीं होती वे मातागढ़ वाली काली मां से मन्नत मांग कर घर लौट जाते हैं और अगले वर्ष संतान की प्राप्ति होने के पश्चात ऐसे लोग बकरा की बलि चढ़ाने, तुरतुरिया मातागढ़ पहुंचते है। जहां इधर-उधर बकरा की बली देकर, वहीं बालमदेही नदी के पास, मांस और शराब का सेवन कर हुड़दंग करते हुए इधर उधर घूमते रहते हैं जिससे देवी दर्शन की अभिलाषा मात्र के लिए, आए हुए लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। तुरतुरिया की प्रसिद्धी त्रेतायुग से है जहां दुर्गम पहाड़ी रास्ता और बेहद घने जंगल होने के बावजूद लोग संतान प्राप्ति की आशा लिए मातागढ़ वाली काली मां के पास आया करते हैं तब से आज तक यह सिलसिला अनवरत जारी है। अब तुरतुरिया पहुंचने के लिए सुगम रास्ता बन गया है जिसकी वजह से तुरतुरिया में भीड़ बढ़ रही है। शनिवार रविवार को अत्यधिक भीड़ रहती है। तुरतुरिया में बढ़ती भीड़ को देखते हुए ग्राम पंचायत खुड़मुड़ी के सरपंच योगेंद्र कश्यप ने बलौदाबाजार जिलाधीश तथा पुलिस अधीक्षक से तुरतुरिया में पुलिस चौकी खोलने की मांग की है जिससे इस धार्मिक स्थल पर अमन शांति बरकरार रहे।

## एक नजर

### प्रदेश कांग्रेस कंट्रोल रूम कमेटी में भाटापारा के उत्तम को मिली जगह



**भाटापारा, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधानसभा चुनाव 2023 के चुनाव संचालन हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा प्रदेश स्तरीय कंट्रोल कमिटी का गठन किया गया है जिसमें भाटापारा से युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव उत्तम साहू को चुनाव कंट्रोल कमेटी में लिए जाने पर शहर के कांग्रेस जनों में हर्ष का माहौल है उत्तम साहू ने दीपक बैज जी के द्वारा दिए गए कार्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूंगा कहकर उनका धन्यवाद किया इस पर सर्व प्रथम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज कंट्रोल कमेटी के संयोजक सलाम रिजवी तथा अजय साहू का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया तथा साथ ही बधाई देने वालों में मुख्य रूप सेपूर्व जनपद अध्यक्ष भाटापारा अमित राधेश्याम शर्मा प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस रोमा परसराम भारद्वाज राजीव युवा मितान क्लब जिला समन्वयक सुमित साव तेलगानी बोर्ड अध्यक्ष संदीप साहू जिला महासचिव युवा कांग्रेस लालू मानिकपुरी जिला कांग्रेस सचिव राजा तिवारी जिला किसान कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शिवकुमार वर्मा विधानसभा उपाध्यक्ष सत्यजीत संडे पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंद्र साव पूर्व पार्षद संजय बघेल पूर्व पार्षद राघव साव आदि ने शुभकामनाएं दी।

### 80 लीटर चोरी के डीजल के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 16 अगस्त को प्रार्थी साबीर मोहम्मद पिता सफी मोहम्मद उम्र 22 साल साकिन बिटकुली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था कि बस स्टैण्ड बिटकुली के पास एक डाला गाड़ी 16 चक्का को रात्रि में खड़ा कर सो गया था कि सुबह देखने पर डीजल का टंकी खुला हुआ था तथा डीजल 365 लीटर चोरी हो गया है कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 612/2023 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार पतासाजी कर आरोपी को गिरफ्तार करने कड़े निदेर्श प्राप्त हुए थे जिस पर अमल करते हुए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हरिश कुमार साहू के नेतृत्व में पुलिस चौकी करहीबाजार द्वारा आरोपी लीलाराम ध्रुव पिता अनुज राम (50) रामपुर चौकी करहीबाजार को 26 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहॉ से उपजेल बलौदाबाजार मे निरूद्ध किया गया।

### शराब की अवैध बिक्री करने और सट्टा खेलाने वालों को पुलिस ने पकड़ा



**बलौदाबाजार, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा जिला में शराब जुआ, सट्टा के अवैध कारोबार में सलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में 26 अगस्त को दो टीम गठीत कर कार्यवाही की गई पहली टीम द्वारा ग्राम धाराशिव में रेड कार्यवाही कर आरोपी परमानन्द सोनवानी के कब्जे से नगदी 750/-, सट्टा पट्टी, पेड, पेन बरामद कर जप्त किया गया एवं धारा 4क जुआ एक्ट, धारा 6 छ. ग. जुआ प्रति.अधि. 2022 के तहत कार्यवाही की गई तथा दुसरे मामले में ग्राम ढनढनी में आरोपीयां बुगाला बाई आडिल के घर आंगन से दो प्लास्टिक डिब्बा एक में 20 ली. एवं दूसरे में 5 ली. कुल 25 लीटर महुआ शराब किमती 5000/- बरामद कर जप्त किया गया एवं धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई दोनों को गिरफ्तार कर आज न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# छात्रवृत्ति नहीं मिलने से नाराज छात्र छात्राओं ने किया चक्काजाम

## निजी कचना धुर्वा कालेज के अनुसूचित जनजाति के 229 छात्र-छात्राओं को नहीं मिली लगभग 40 लाख की छात्रवृत्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 27 अगस्त।** गरियाबंद जिले के छुरा नगर मे संचालित निजी कचना धुर्वा कालेज के अनुसुचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति नहीं मिलने से नाराज छात्र- छात्राओं ने शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले बजरंग चौक छुरा मे चक्काजाम करते हुए शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की इस दौरान पुलिस प्रशासन और तहसीलदार छुरा द्वारा छात्रों को जल्द छात्रवृति दिलाने का आश्वासन देकर चक्काजाम समाप्त करने कहा गया, लेकिन नाराज छात्र छात्राओं द्वारा अधिकारियों की बात नहीं मानते हुए कहा गया की हर बार शासन प्रशासन द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जाता है।

अब आश्वासन से काम नहीं चलेगा बल्कि शीघ्र उन्हें उनका छात्रवृत्ति दिलाया जाये, छात्रों का कहना है की शासन प्रशासन की लापरवाही के चलते छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति के लगभग चालीस लाख रूपये के भुगतान से वंचित है, छात्रवृत्ति की राशि दिलाने छात्रों के द्वारा गरियाबंद कलेक्टर आकाश छिकारा को पंद्रह दिन पहले ज्ञापन सौपकर जल्द छात्रवृत्ति दिलाने की मांग रखी गई थी लेकिन अब तक छात्रों को छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिल पाई है जिसके कारण आज छात्रों को सड़क की लड़ाई लड़नी पड़ रही है, छात्रों ने तहसीलदार छुरा से चर्चा करते हुए कहा की अगर एक सप्ताह के अंदर छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति की राशि नहीं दिया जाता है तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले बड़ी संख्या मे छात्र-छात्राएं गरियाबंद पहुंचकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेगी।

तहसीलदार व पुलिस प्रशासन के भारी मान मनौव्वल के बाद सड़क पर बैठे छात्र-छात्राओं ने चक्काजाम समाप्त किया, कचना धुर्वा कालेज के प्राचार्य डॉ.डी.के.साहू ने कहा की छात्रवृत्ति के लिये जितने भी आवेदन हमारे महाविद्यालय मे छात्रों के द्वारा दिया जाता है उसका प्रस्ताव हम कलेक्ट्रेट में भेजते हैं स्वीकृत करने का काम कलेक्ट्रेट का होता है सहायक आयुक्त के द्वारा स्वीकृत किया जाता है। कलेक्ट्रेट ऑफिस से जब हम जानकारी मांगते हैं उनका कहना है हमने जो है छात्रवृत्ति स्वीकृत कर दिया है लेकिन इंद्रावती भवन उनका अमाउंट अभी तक ट्रांसफर नहीं हुआ है उनके द्वारा मौखिक रूप मे बताया जाता है की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति केंद्र सरकार का परिवर्तित योजना है केंद्र सरकार के द्वारा दिया जाता है राज्य सरकार इसकी एजेंसी होती है, केंद्र सरकार से जब फंड आता है तब राज्य सरकार फंड ट्रांसफर करता है।

उच्च अधिकारियों का कहना है कि आवंटन खत्म हो गया है जैसे ही आबंटन आएगा वैसे सभी छात्र-छात्राओं के अकाउंट में छात्रवृत्ति ट्रांसफर कर दिया जाएगा।इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक अनंत सोनी, जिला संयोजक रंजन यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम निषाद, सदस्य मुकेश यादव, राहुल सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य एकलव्य शर्मा, त्रिलोक यादव, हिमांशु, मिथिलेश, दानेश, प्रेमन ध्रुव, अग्रसेन मरकाम, अनीता ध्रुव, गीता ठाकुर, परमेश्वरी, निशांत ध्रुव, खिलेश्वरी, सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### रोका-छेका योजना:अब तक नपं ने 379 आवारा पशुओं को नगर के बाहर छोड़ा



- 65 पशुओं के गले मे रेडियम लगाने के साथ 11 पशु मालिकों से वसूला गया जुर्माना

**छुरा, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य सरकार कि फ्लैगशिप योजना रोका छेका योजना का असर नगर पंचायत छुरा मे दिखने लगा है गरियाबंद कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी छुरा लालसिंग मरकाम द्वारा नगर पंचायत के कर्मचारियों को निर्देशित कर नगर के सड़को पर बैठे आवारा पशुओं शहर के बाहर तक निकाला जा रहा है, रोज शाम होते ही नगर पंचायत के एक दर्जन कर्मचारी हाथ मे डंडा लेकर आवारा पशुओं को नगर के बाहर तक छोड़ते देखा जा रहा है साथ ही नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा सड़क पर बैठने वाले आवारा पशुओं के गले रेडियम पट्टी बांधा जा रहा है निश्चित रूप से आवारा पशुओं के गले मे रेडियम पट्टी लगने से रात के समय सड़क पर बैठने से होने वाली दुर्घटनाओ मे काफ़ी कमी आयेगी नगर पंचायत द्वारा क़ी जा रही कार्यवाही से सड़क पर सफ़र करने वाले वाहन चालको को कठिनाइयो से मुक्ति मिल रही है, छुरा नगर पंचायत के मु. न. पा. अधिकारी लालसिंग मरकाम ने बताया कि नगर पंचायत छुरा द्वारा रोका छेका अभियान के तहत अब तक 379 आवारा पशुओं को शहर से निकाल अन्यत्र स्थान पर छोड़ा गया, 65 पशुओं के गले मे रेडियम क़ी पट्टी लगाई गई ताकि सड़क पर होने दुर्घटनाओ मे कमी आये, साथ ही 11 पशु मालिकों से 3365 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया उन्होंने आगे कहा क़ी प्रदेश मे फ़सलों क़ी सुरक्षा, किसानो क़ी आय मे वृद्धि और मवेशियों को सड़को से दूर सुरक्षित रखने के उदेश्य से सरकार द्वारा रोका छेका अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान का मुख्य उदेश्य आवारा पशुओं से फ़सल को बचाना है साथ ही आवारा पशुओं सड़क पर बैठने वाली दुर्घटनाओ पर लगाम लगाना है मुख्य नगर पालिका छुरा ने नगर के लोगो से रोका छेका अभियान मे सहभागिता निभाकर योजना को सफ़ल बनाने क़ी अपील क़ी है।

### अवैध महुआ शराब बनाने के लिए कुख्यात ग्राम खैरी में पुलिस टीम ने मारा छापा




- 30 बोरी महुआ पास, 2 नग गैस चूल्हा, 17 नग एल्युमिनियम के बड़े बर्तन जब्त

**बलौदाबाजार, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना पलारी पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि अगले कुछ दिनों में भारी मात्रा में आसपास क्षेत्र में सप्लाई करने के लिए महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है। यह अवैधानिक कार्य, अवैध रूप से महुआ शराब बनाने एवं बेचने में कुख्यात ग्राम खैरी में संपादित किया जा रहा है। उक्त सूचना की तस्दीक पश्चात थाना पलारी पुलिस द्वारा ग्राम खैरी में रेड कार्यवाही करने की योजना बनाई गई। 25 अगस्त को प्रातः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शशांक सिंह एवं थाना पलारी से आरक्षक अजय कुमार, विक्की वर्मा एवं रूपेश बघेल की टीम द्वारा पूर्ण तैयारी के साथ ग्राम खैरी में छापा मारकर महुआ शराब सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्राम खैरी में खेत-खार नाला के किनारे अवैध महुआ शराब निर्माण करने वाले संभावित जगहों पर खोजबीन प्रारंभ किया गया, जिसमें टीम द्वारा भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बनाने का सामान जप्त किया गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा खेतों के पास महुआ शराब बनाने के लिए छुपा कर रखा गया 30 बोरी महुआ पाश जप्त कर नष्ट किया गया। सांथ ही लगभग ?18, 000 कीमत मूल्य का 02 नग गैस चूल्हा एवं 17 नग एल्युमिनियम का बड़ा बर्तन जप्त किया गया है। संपूर्ण बर्तन एवं सामान को धारा 102 जाफौ. के तहत जप्त कर कार्यवाही की गई है। पुलिस की आज की कार्यवाही ग्राम खैरी में अवैध रूप से महुआ शराब बनाने वाले लोगों के लिए एक सबक है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 सितम्बर को

**बलौदाबाजार, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ राज्य विधिक प्राधिकरण के निर्देश पर 9 सितम्बर .2023 को वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत बलौदाबाजार, कसडोल, सिमगा, भाटापारा के न्यायालय परिसर में आयोजित की जायेगी। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयीन प्रकरण राजीनामा योग्य रखे जा सकते है जिसमें राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, विद्युत प्रकरण, धारा 138 पराक्रम्य(चेक बाउंस) अधिनियम के प्रकरण शामिल है। इसी तरह प्री-लिटिगेशन प्रकरण लोक अदालत में रखे जा सकते है जिसमें विद्युत देयक, वित्तीय संस्थान के प्रकरण (बैंक के लोन प्रकरण), नगर पालिका के कर संबंधी प्रकरण शामिल है। लोक अदालत में न्यायालयीन प्रकरण समाप्त होने से पक्षकारों के मध्य सौहादपूर्ण संबंध स्थापित होते है। उनके विवाद का निपटारा होने से मधुर संबंध बनते है।

# जंगली सुअर मारने बिछाए गए बिजली तार के संपर्क में आने से युवक की मौत

## सिमगा पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 27 अगस्त।** थाना सिमगा के प्रार्थी बिरेंद्र गायकवाड़ पिता रामाधार गायकवाड़ उम्र (42) निवासी चक्रवाय थाना सिमगा में 24 अगस्त रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी बडे भाई चंद्रिका उर्फ नरेंद्र गायकवाड़ पिता रामाधार गायकवाड़ (44) निवासी चक्रवाय थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. का शव मृत हालत में पीपराही खार शिवनाथ नदी के किनारे भुपेंद्र जैन के केला बाड़ी ग्राम चक्रवाय के खेत मेढ के पास पडा है कि रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 62/23 धारा 174 जा.फौ. के तहत मर्ग कायम कर घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियो को दिया। इस पर त्तकाल पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के निर्देशन पर थाना प्रभारी निरीक्षक मंजूलता राठौर थाना सिमगा द्वारा तत्काल टीम गठित कर घटना स्थल जाकर घटना स्थल निरीक्षण, शव निरीक्षण कार्यवाही एवं प्रार्थी गवाहो का कथन तथा शव पंचनामा कार्यवाही पी एम रिपोर्ट के आधार पाया गया कि 23 अगस्त की शाम 4 से 7 बजे के मध्य मृतक चंद्रिका उर्फनरेंद्र गायकवाड़ निवासी चक्रवाय अपने बोर बाड़ी में काम करने गया था कि मृतक के बारे बाड़ी से लगा भुपेंद्र जैन का केला बाड़ी है जिसमें आरोपीगण सुरेंद्र कुमार ओगरे पिता मोहन ओगरे (20) निवासी चक्रवाय एवं आत्माराम निषाद पिता परशुराम निषाद (32), नारायण साहू पिता हेमुलाल साहू (32), हरेंद्र साहू पिता मंतराम साहू (23), संतु यादव पिता चोवाराम यादव (37), सुरज निषाद पिता बीरसिंग निषाद (29), सभी निवासी चंदिया पथरा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा ने जंगली सुअर मारने के लिये केला बाड़ी के किनारे किनारे झाड़ी में लोहे का जीआई तार बिछाकर विद्युत करंट प्रवाहित कर दिया जिससे बोर बाड़ी में काम कर रहे चंद्रिका उर्फ नरेंद्र गायकवाड़ की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। आरोपीगण द्वारा एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाने की जानकारी मिलने पर जान बुझकर साक्ष्य छुपाने की नियत से मृतक के शव को मूल घटना स्थल से हटाकर मृतक के नया बोर बाड़ी के पास जाकर रख दिया था। आरोपीगण का पतासाजी कर थाना लाकर पुछताछ कर धारा 27 साक्ष्य अधिनियम के तहत मेमोरण्डम कथन लिया गया जिन्होने उक्त घटना कारित स्वीकार किया गया। आरोपीगण के विरूद्ध अपराध घटित करना साक्ष्य सबूत पाये जाने से विधिवत दिनांक 25/08/2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है।

## राजिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू का छुरा में भाजपाइयों ने किया स्वागत

# भाजपा उम्मीदवार ने कार्यकर्ताओं के साथ लिया शीतला माता का आशीर्वाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरा, 27 अगस्त।** भाजपा द्वारा 21 प्रत्याशियों की टिकटों की घोषणा के बाद समूचे प्रदेश में चुनावी माहौल दिखने लगा है।सभी 21प्रत्याशियों ने भी चुनावी तैयारियां शुरू दी है सब अपने अपने क्षेत्र का दौरा कर पार्टी कार्यकर्त्ताओं और वरिष्ठजनों से मुलाकात तथा प्रचार प्रसार करने में जुट गए हैं। इसी क्रम में भाजपा से राजिम विधानसभा के प्रत्याशी घोषित होने के बाद साप्ताहिक बाजार शनिवार को रोहित साहू छुरा पहुंचे। जहां पार्टी कार्यकर्ताओं एवं अन्य लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात पार्टी के वरिष्ठजनों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किये। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए उनसे समर्थन मांगा।पार्टी के सभी वरिष्ठजनों, संगठन और मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने उनका श्रीफल भेंट कर स्वागत करते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू भी उनके साथ मौजूद रहे।

इसके बाद साहू ने नगर के प्रमुख देवी माता शीतला मंदिर में पूजा अर्चना की। फिर नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर के निवास में पहुंचकर मुलाक़ात कर मानस मंदिर पहुंचे। मंदिर में पुजा अर्चना कर मंदिर के प्रांगण में सभी वरिष्ठ गण और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बैठक सम्पन्न कर वरिष्ठजनों से उनके निवास में मुलाकात किये, इस दौरान उन्होंने सबसे पहले पार्टी के वरिष्ठ जन क्रमश ऋतुराज शाह, भोलेशंकर जयसवाल, तुलसी साहू के गृह निवास में मुलाकात कर उनका आशीर्वाद मांगा।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने कहा की 2024 में छत्तीसगढ़ मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और निश्चित ही छत्तीसगढ़ विकास क़ी ओर बढ़ेगा। भाजपा के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें राजिम विधानसभा क्षेत्र के जनता की सेवा के लिए चुना है। इसके लिए वे उनके आभारी हैं, उन्होंने कहा कि राजिम सहित पूरे प्रदेश में लोग कांग्रेस से उब गए है। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने हर वर्ग का शोषण किया है।

# ये समन्दर है, भला इसको क्या कमी होगी... क्यों ये दिन-रात किनारों पे सर पटकता है...



चंद्रमा की सतह पर छोटे से रोबोट गाड़ी के पहिये पर इसरोऔर अशोक स्तंभ का स्टाम्प छपा है। लैंडर के चलने पर टायर के निशान की तरह ये दोनों लोगो छपते रहेंगे।चंद्रमा का अपना वायुमंडल नहीं,वहाँ हवा का कोई कॉनसेप्ट नहीं इसलिए ये निशान हज़ारों सालों तक रहेंगे।पृथ्वी से चंद्रमा का सिर्फ़ एक ही हिस्सा दिखाई देता है। पिछले हिस्से पर पहुँचना बेहद जटिल था। भारत इस उपलब्धि में पहला स्थान रखेगा। चंद्रमा के दोनों हिस्से बहुत अलग हैं उनमें रासायनिक और भौतिक अंतर है जिस से चंद्रमा और भी अधिक रहस्यमयी हो जाता है। दूसरे हिस्से के अध्ययन से ग्रहों पृथ्वी के बनने और अंतरिक्ष के अध्ययन में महत्वपूर्ण सूचनाएँ मिलेंगी।इसके साथ ही अंतरिक्ष में क़ब्ज़े की होड़ और दबदबे को भी टक्कर मिलेगी। चंद्रमा तो चंद्रमा धरती पर अंटार्कटिका महाद्वीप पर भी जो पहले पहुँच रहा है उसने उतने हिस्से पर अपना दावा किया है। यही होड़ चंद्रमा पर भी लगी है। अशोक स्तंभ और इसरो के लोगो शायद हमारा कब्जा सत्यापित करता रहेगा।यह चंद्रमा पर भारत के पहुँचने का ऐतिहासिक कारण है। इस रेस में चीन और रुस दोनों के मिशन हाल ही में फेल हुए हैं। चन्द्रयान 1 चंद्रमा पर 2008 में पहुँचा था। लैण्डिंग के स्थान को जवाहर पॉइंट कहते हैं।

### शरद-अजीत के बाद अब भूपेश-विजय की तकरार...

भारतीय जनता पार्टी राजनीति में परिवारवाद का जमकर विरोध करती है, पर परिवार में अलगाववाद की उनकी नीति क्या हैज. आजकल भाजपा चाचा-भतीजे के रिश्तों को खत्म करने में लगी हैज? महाराष्ट्र में तो एनसीपी के संस्थापक शरद पवार और उनके भतीजे अजीत पवार पवार के बीच मनभेद और मतभेद पैदा करने में सफल रहीज भतीजे को महाराष्ट्र का डिप्टी सीएम भी बना दिया वहीं अब छ्ग में चाचा भतीजे को फिर लड़ाने की तैयारी कर चुकी है। छ्ग के सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ उनके भतीजे लोकसभा सदस्य विजय बघेल को विधानसभा प्रत्याशी घोषित कर चुकी हैज?एक तीर से दो शिकारज भतीजा विजय हारा तो लोकसभा की दावेदारी खत्मज्यदि भतीजा जीतता है तो भूपेश की सीएम की




दावेदारी खत्मज.?वैसे भाजपा विपक्षी पार्टियों पर परिवारवाद का आरोप लगाती हैं,वे परिवारवाद की बात करते हैं,पीएम मोदी अथवा भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता 'वंशवाद' और 'परिवारवाद' की अलग-अलग परिभाषाएं देकर अपने 'परिवारवाद' को पेशेवर करार देते रहे हैं, लेकिन विजयराजे सिंधिया, राजनाथ सिंह,कल्याण सिंह,वेदप्रकाश गोयल, सीपीएन सिंह,जितेन्द्र प्रसाद,यशवंत सिन्हा,प्रेम कुमार धूमल,अमित शाह, मदनलाल खुराना, अखिलेश कुमार सिंह, साहिब सिंह वर्मा,डॉ रमन सिंह,लखीराम अग्रवाल आदि भाजपा और अन्य नेताओं की लंबी सूची है, जिनके पुत्र-पुत्री आज भाजपा के सांसद-विधायक हैं या रह चुके हैं। यह परिवारवाद नहीं है, तो क्या है?बेशक कांग्रेस और गांधी परिवार वाली स्थिति नहीं है। इन नेताओं का एकाधिकार या वर्चस्व नहीं है,लेकिन हकीकत यह है कि बच्चों को राजनीति में पांव जमाने का मौका पिता के जरिये ही मिला। यदि यह परिवारवाद नहीं होता, तो आम आदमी की तरह इन चेहरों को भी धक्के खाने पड़ते।यह ठीक है कि मुलायम सिंह यादव की पार्टी,लालू प्रसाद यादव की पार्टी,नवीन पटनायक की पार्टी,उद्धव ठाकरे की शिवसेना,शरद पवार की एनसीपी,ये सभी पार्टियाँ इसी परिवारवाद का उदाहरण हैं,हालांकि भाजपा की कई ऐसी सहयोगी पार्टियां है जो किसी एक परिवार या नेता पर ही केंद्रित हैं..चिराग पासवान,ओम प्रकाश राजभर, अनुप्रिया पटेल जैसे कई नेता इसके उदाहरण हैं ।

### महादेव एप गेमिंग और अमेरिकी साफ्टवेयर...

ऑन लाइन बैटिंग गेमिंग एप महादेव को लेकर अब ईडी भी सक्रिय हो गई है, हालांकि दुर्ग और रायपुर पुलिस पहले ही कुछ लोगों को पकड़ चुकी हैज. एक जूस की दुकान संचालक से अंतराष्ट्रीय बुकी बनने की दास्तां के पीछे स्थानीय पुलिस तथा राजनीतिक संरक्षण से इंकार नहीं किया जा सकता है?वैसे महादेव बुक का पूरा खाका अमरीका में तैयार हुआ। महादेव बुक एप की पूरी डिजाइन सौरभ के साथ ही भिलाई में रहने वाले रवि उप्पल के अमेरिका में बैठे रिश्तेदार ने तैयार की थी। जो कि साफ्टवेयर इंजीनियर बताया जाता है। वहीं से इस पूरे एप के सभी




गेमों को एक तरह से कंट्रोल किया जाता है। सौरभ को जूस की दुकान करने के दौरान ऑन लाइन बैटिंग की लत लगी और बड़ी रकम हार गया लेकिन इसके बाद वह बड़े बुकी के सम्पर्क में आया और दुबई चला गया। वहां उसने ऑन लाइन गैमिंग के सट्टे कारोबार को समझा और दोस्त रवि उप्पल को भी दुबई बुलाया। जो कुछ आईटी एक्सपर्ट को लेकर वहां गया लेकिन पुलिस से बचने और नए नए फीचर ऑन लाइन गैमिंग में डालने के लिए रवि ने अमरीका में रहने वाले अपने रिश्तेदार का सहारा लिया और इस तरह महादेव बुक एप नाम से एक साफ्टवेयर तैयार कर मार्केट में ला दिया। शुरूआती दौर में भारत में कई बड़े गुर्गे उसके पकडे गए तो उसने पैसों के लेनदेन का आप्शन क्यूआर कोड और ई वैलेट में करना शुरू किया। जिसे ट्रैक करने में पुलिस को






काफी मशक्कत करनी पड़ती है। वहीं सौरभ चंद्राकर ने भी अपना नाम बदल कर दुबई में कारोबारी का चोला ओढ़ रखा है। इसमें उसके कई पार्टनर भी शामिल है। जहां एक तरफ सट्टा का कारोबार कर कई करोड़ रुपये का वारा न्यारा किया हुआ है। महादेव एप के तीन साल पूरा होने पर उसकी सक्सेस पार्टी भी दुबई के एक बड़े आलीशान होटल में लांच की थी। जिसमें दुबई के बड़े बड़े कारोबारी व महादेव बुक एप से जुड़े संचालक व पैनेलिस्ट शामिल हुए थे। वहीं बॉलीबुड के कई कलाकार, टीवी कलाकार व पंजाबी सिंगर भी अपनी अपनी प्रस्तुति देखे दिखाई दिए थे।वहीं सूत्रों के मुताबिक छत्तीसगढ़ पुलिस की लगातार महादेव बुक एप के नेटवर्क पर छापेमारी के चलते महादेव बुक एप के संचालक सौरभ चंद्राकर के अलावा रवि उप्पल, कमल चिलानी, कपिल चिलानी, रोहित तिर्की, राज गुप्ता, नितिश दीवान अपनी काली कमाई को दुबई से लेकर अमरीका तक में अन्य फील्ड में लगाकर सफेदपोश चेहरा बनने की कवायद में जुटे हैं?

### पहाड़ी मैना की मौत: वंश वृद्धि का प्रयास असफल

छत्तीसगढ़ के राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना के वंश वृद्धि के लिये करीब 20 सालों से प्रयास के बाद भी सफलता शून्य ही रही है। बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में स्थित वन विद्यालय ब्रीडिंग सेंटर में प्रजनन और संवर्धन के लिए लाई गई पहाड़ी मैना ने दम तोड़ दिया है ।यहां यह बताना जरुरी है कि इस केंद्र में अब तक 8 पक्षियों की मौत हो चुकी है।दरअसल वन विद्यालय ब्रीडिंग सेंटर में राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना को संवर्धन के लिए रखा गया था। इसमें कुल 8 पक्षियां थीं। लेकिन पिछले दो दशक से एक-एक कर सभी पक्षियों ने दम तोड़ दिया। इससे पहले रितू नाम की मैना फिर हाल ही में सोनू नाम की मैना की मौत हो गई। मोनू (मैना) को एक छोटे पिंजरे में रखा गया था और उसका इलाज किया जा रहा था।गौरतलब है कि इसी साल यहां पल रहे सभी पक्षियों को आजाद करने का फैसला लिया गया था। इंतजार था तो बस मुख्यालय की अनुमति का। लेकिन उससे पहले ही इस सेंटर में पल रही आखरी मैना ने भी दम तोड़ दिया। इसके बाद से यह सेंटर सूना पड़ गया है।

### और अब बस...

- » कांग्रेस में विधानसभा सीट बदलने की छूट नहीं मिलने पर कुछ विधायक दुखी हैं?
- » क्या भाजपा के कुछ सांसद,विधानसभा चुनाव जीतने में सफल हो सकेंगेज.?
- » किस अफसर का वजन करीब एक क्विंटल होने की जमकर चर्चा है?

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में अगले चार दिनों में तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ेगा तापमान

**रायपुर, 27 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदलने वाला है और आज शनिवार को अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। उसके बाद अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। विभाग का कहना है हालांकि कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार है। गभग सप्ताहभर से मानसून पर ब्रेक लगा हुआ है। पांच दिन बाद सावन का दूसरा महीना भी समाप्त हो जाएगा। इस बीच अंतिम दो दिनों में मानसून की सक्रियता के संकेत जरूर मिल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार 28 अगस्त से मानसूनी बारिश हो सकती है। बारिश न होने से अब अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो गई है और उमस में भी थोड़ी बढ़ोतरी हो रही है। शुक्रवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस प्रकार अधिकतम व न्यूनतम तापमान दोनों में ही एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी मौसम का मिजाज अभी ऐसा ही रहेगा। रक्षाबंधन तक मौसम के मिजाज में विशेष बदलाव नहीं होगा। एक जून से लेकर अब तक की स्थिति में प्रदेश में 17 फीसद कम बारिश हुई है।

### अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन दोपहिया पार

**रायपुर, 27 अगस्त।** राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र से अज्ञात चोरों ने बाइक व एक्टिवा को पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीएसयूपी कालोनी सड्डू निवासी प्रार्थी कृपा सिंधु नाग 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचटी 5249 को फल मंडी के पास प्रोगेसिव प्वाइंट के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे ही मामले में वल्लभ नगर निवासी प्रार्थी सौरव लखोटिया 46 वर्ष ने थाना में शिकायत किय कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचडब्लयू 4689 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 18 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं टिकरापारा थाना में प्रार्थी राकेश पांडे 27 वर्ष ने शिकायत किया कि वह अपनी मोपेड क्रमांक सीजी 04 पीडी 2231 को प्रिंस कालोनी लक्ष्मी नगर में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मोपेड की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# महादेव ऑनलाइन सट्टा, मुख्य आरोपियों के श्रीलंका में गिरफ्तार होने की खबर

### जांच एजेंसियां पहले करेगी पूछताछ फिर रायपुर पुलिस के हाथ आएंगे आरोपी, बड़े नामों का होगा खुलासा

**रायपुर, 27 अगस्त।** महादेव ऑनलाइन सट्टा एप के मुख्य सरगना सौरभ चंद्राकर और रवि उत्पल को श्रीलंका से गिरफ्तार कर लिए जाने की खबर है। महादेव आनलाइन सट्टे के संचालकों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने लुक आउट सर्कुलर जारी किया था।

सूत्रों के अनुसार एप के मुख्य सरगना को पकडने के लिए जारी लुक आउट सर्कुलर काफी मददगार साबित हुआ। आरोपियों के संबंध में काफी महत्वपूर्ण और स्ट्रांग इनपुट मिलने के बाद दोनों आरोपियों को श्रीलंका से पकड़े जाने की जानकारी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि उच्च स्तरीय जांच एजेंसी अपनी पूरी पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को जल्द ही रायपुर पुलिस को सौपेंगी । इसके बाद रायपुर पुलिस अपने स्तर पर पूछताछ और जांच के बाद इस मामले का खुलासा कर सकती है। बताया जाता है कि रायपुर पुलिस के उच्चाधिकारी लगातार इस मामले पर नजर रखे हुए हैं। जांच एजेंसियों की पूछताछ और औपचारिकता पूरी होने के बाद दोनों आरोपियों को जल्द से जल्द रायपुर लाए जाने की तैयारी है।

यहां होने वाली पूछताछ में इस मामले से जुड़े कई बड़े नामों का खुलासा होने की बात भी हो रही है। ज्ञात हो कि इस मामले में चार आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। चारों को कोर्ट में पेश किया जा चुका है, जहां से इन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 29 तारीख को होना है।

### सरेआम शराब पीते 18 गिरफ्तार

**रायपुर, 27 अगस्त।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने लाभांडी शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी अमर सिंह 48 वर्ष व योगेश्वर ध्रुव 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी थानेस साहू 23 वर्ष व उरला पुलिस ने आरोपी श्रवण कुमार साहू 46 वर्ष व रामु साहू 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी रमन सिंह ध्रुव 48 वर्ष व वकील साह 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी अरूण वर्मा 23 वर्ष व मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी भुनेश्वर धीवर 36 वर्ष, नीरज महेश्वरी 31 वर्ष व सुरेश गायकवार्ड 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी सूरज पुरैना 25 वर्ष, राम स्वरूप साहू 45 वर्ष, टेटकू निषाद 25 वर्ष व राजा टण्डन 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने आरोपी समीर ढीढी 38 वर्ष व गोलबाजार पुलिस ने आरोपी मनीष सिंह ठाकुर 38 वर्ष व आलेख पटेल 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# घर में घुसे चोर की पिटाई से मौत, पांच गिरफ्तार

**रायपुर, 27 अगस्त।** मंदिर हसौद इलाके में चोरी करने की नीयत से एक घर में घुसे युवक को घरवालों ने पकड़ लिया। उसे रात भर बंधक बनाकर रखने तथा जमकर पिटाई की गई। उसे जब अस्पताल लाया गया तो चिकित्कों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब पुलिस ने मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक चोर का नाम राजेश रैला था और ग्राम चंदखुरी में रहता था। मृतक राजेश रैला शराब पीने का आदि था और शराब पीकर इधर उधर घुमता रहता था। 25-26 अगस्त की रात राजेश चोरी करने के लिए चंदखुरी गांव के ही तुलाराम धीवर के घर चोरी करने के लिए घुसा था। इस दौरान उसे चोरी करता देख तुलराम धीवर का बेटा असन धीवर जाग गया और उसे पकड़ लिया। असन ने के हल्ले से गांव के लोग भी जाग गए और मिलकर राजेश की जमकर पिटाई कर दी। इतना ही नहीं लहुलुहान राजेश के हाथ पैर बांधकर ग्रामीणों ने उसे निर्माणाधीन मकान में जमीन पर लेटा कर रात भर रखा। सुबह जब इस घटना की जानकारी राजेश के भाई मनोज को हुई तो वो निर्माणाधीन मकान में पहुंचा और गंभीर हालत में अपने भाई को मेकाहारा लाया। यहां पर उपचार के दौरान उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद मृतक के भाई मनोज रैला की शिकायत पर पुलिस ने असन धीवर, सुनील वर्मा, भानु यादव, लेखु ध्रुव और उत्तम साहु के खिलाफ 147, 148, 302 के तहत अपराध दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

### दुकान से नकदी सहित मोबाइल पार

**रायपुर, 27 अगस्त।** महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट शॉप का शटर उठाकर अज्ञात चोर ने 3 नग मोबाइल व नकदी 25 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुबेर रूंगटा 37 वर्ष रोहणीपुरम डीडीनगर का रहने वाला है। प्रार्थी के जीजा महावरी जैन का महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट शॉप में सिद्धि विनायक नाम से दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने उस दुकान के शटर को उठाकर तीन नग मोबाइल और नकदी 25 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भाजपा का आन्दोलन राजनीति से प्रेरित: विकास उपाध्याय

### योजनांतर्गत मद में फंड ही नहीं आ रहा, ये कैसी योजना चला रही है भाजपा सरकार, बीजेपी सरकार की सभी योजनाएं ठप

**रायपुर, 27 अगस्त।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय बीजेपी सरकार की नाकामियों से लगातार जनता को अवगत् करा रहे हैं। उन्होंने आज अपने बयान में कहा है कि बीजेपी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना जो आमजनों के हित में लाई गई है, उस योजना को बीजेपी सरकार सही तरीके से संचालन ही नहीं कर पा रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना में मिलने वाली सब्सिडी को केन्द्र द्वारा रोक दी गई है, यह सब्सिडी उन 5000 मकानों के लिए मिलनी है, जिन्हें हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की कांग्रेस सरकार ने सेंक्शन कर केन्द्र को भेजा है। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में अप्रैल के बाद से अब तक पीएम आवास के मद में कोई फंड नहीं आया है। इस वजह से जिनके मकान सेंक्शन हैं, उन्हें बार-बार आवेदन लेकर भटकना पड़ रहा है।



संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने बताया कि पीएम आवास योजना में जिन लोगों ने अपने जीवन का पहला घर बनाना शुरू किया, उन्हें केन्द्र से सब्सिडी के तौर पर ढाई लाख रूपये मिलने होते हैं, जिसकी रकम 50-50 हजार रूपये की पाँच किश्तों में एक निश्चित अवधि के दौरान मिलती है। अब ऐसे में जिन 5000 मकानों के लिए सब्सिडी रोक दी गई है तो क्या इस प्रकार की योजनाओं का बीजेपी सरकार ठीक से संचालन ही नहीं कर पा रही है? छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में इसकी शिकायत मिल रही है, जिसके कारण अधिकारियों ने इस योजना में आवेदन लेना ही बंद कर दिया है। विकास उपाध्याय ने कहा कि पिछले दिनों प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी के मुखिया के नेतृत्व में आवास योजना को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा था और राज्य की कांग्रेस सरकार को बदनाम करने की साजिश रच रहे थे, यह साजिश पूरी तरीके से फेल हो गयी, क्योंकि केन्द्र द्वारा आवास योजना की मिलने वाली सब्सिडी को रोका गया है। विकास उपाध्याय ने कहा कि क्या अब भाजपा के नेतागण अपनी केन्द्र में बैठी सरकार के खिलाफ इसके लिए आवाज उठायेंगे? उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस सरकार ही हर वर्ग के लिए धरातल पर काम कर रही है। भारतीय जनता पार्टी के लोग केवल दिखावा करते हैं और कांग्रेस को बदनाम करने में लगे हुए हैं, लेकिन जिस प्रकार आवास योजना से संबंधित मामले जनता के सामने आ चुके हैं और आवास योजना में कौन और किसके कारण देरी हो रही है ये साफ दिख रहा है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23